गुरुवार, 30 जनवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 30 – 20 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 6:17 | सूर्यास्त: 17:23 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



‘पाप’ करने वालों को दिल्ली माफ नही करती

–पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** किसी चीज के बारे में आपकी धारणा बदलते ही आप भी बदल जाते हैं।

# मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत, 60 श्रद्धालु घायल

## मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा

**महाकुंभ नगर :** मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ के संगम क्षेत्र में मंगलवार देर रात पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने से मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया है। उत्तर प्रदेश सरकार भगदड़ में मरने वालों की संख्या को लेकर दिन भर चुप्पी साधे रही। हालांकि घटना के लगभग 16 घंटे बाद बुधवार देर शाम पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) वैभव कृष्ण ने मेला अधिकारी विजय किरण आनंद के साथ संयुक्त रूप से संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि भगदड़ में कुल 90 लोग घायल हुए थे, जिनमें से 30 की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि 25 मृतकों की पहचान हो गयी है और बाकी की पहचान की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में कर्नाटक के चार, असम और गुजरात के रहने वाले एक-एक व्यक्ति भी शामिल हैं। डीआईजी ने बताया कि कुछ लोग घायल हुए अपने परिवार के सदस्यों को लेकर चले गये। अधिकारी ने बताया कि इस समय 36 घायलों का इलाज स्थानीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जा रहा है। कृष्ण ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया गया है, जिस पर अगर कोई व्यक्ति लापता है तो उसके संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने भगदड़ के कारण के बारे में बताया, मौनी अमावस्या पर स्नान के लिये ब्रह्म मुहूर्त से पहले देर रात एक से दो बजे के बीच मेला क्षेत्र में अखाड़ा मार्ग पर भारी भीड़ का दबाव बना। उस दबाव के कारण दूसरी ओर के अवरोधक टूट गए और भीड़ के लोगों ने अवरोधक लांघ कर दूसरी तरफ ब्रह्म मुहूर्त के स्नान का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं को अनजाने में कुचलना शुरू कर दिया। इसी वजह से यह घटना हुई।



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगदड़ के कारणों की जांच के लिए न्यायिक जांच के आदेश दिए

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में स्नान के लिए मंगलवार देर रात मची भगदड़ के कारणों की जांच के लिए न्यायिक जांच का आदेश दिया। भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई जबकि 60 लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। जांच आयोग की अध्यक्षता पूर्व न्यायमूर्ति हर्ष कुमार करेंगे और इसमें पूर्व पुलिस महानिदेशक वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) डीके सिंह भी शामिल होंगे।

### कुंभ 2019 में व्यवस्था संभाल चुके अधिकारियों को महाकुंभ मेला क्षेत्र में तैनात किया जाएगा

प्रयागराज महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद आयोजन स्थल पर व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कुंभ 2019 के समय प्रयागराज में तैनात रहे दो वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों समेत पांच विशेष सचिव स्तर तथा पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

### महाकुंभ में 144 वर्ष का संयोग भगदड़ की एक बड़ी वजह

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले में मंगलवार की देर रात हुई भगदड़ की एक बड़ी वजह 144 वर्ष का संयोग है जिसका सरकार के साथ ही साधु महात्माओं ने भी बखान किया था और लोग इसी शुभ मुहूर्त में संगम स्नान के लिए घाट पर बैठे एवं लेटे रहे तभी अवरोधक तोड़कर आई बेकाबू भीड़ ने उन्हें कुचल दिया। संगम क्षेत्र में इस घटना की प्रत्यक्षदर्शी असम से आई मधुमिता ने बताया कि संगम घाट पर लोग सुबह होने के इंतजार में बैठे और लेटे थे। तभी लोगों की भीड़ अखाड़ों के अमृत स्नान के लिए बने अवरोधकों को तोड़ते हुए घाट की तरफ बढ़ी और घाट पर लेटे हुए लोग इस भीड़ की चपेट में आ गए।

# महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर 7.64 करोड़ लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ मेले में भगदड़ जैसी घटना के बाद ही पूरे दिन श्रद्धालुओं का हुजूम गंगा और संगम तट पर आता रहा। मेला प्रशासन के मुताबिक, बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर शाम आठ बजे तक 7.64 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, मौनी अमावस्या पर शाम आठ बजे तक 10 लाख से अधिक कल्पवासियों समेत कुल 7.64 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया। इस दौरान, हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। मेला प्रशासन के मुताबिक, 13 जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ मेले में अभी तक 19.94 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। एक अधिकारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में चारों दिशाओं से करोड़ों की संख्या में लोगों का आना जारी रहा और जिला प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण करने के लिए चंद्रशेखर आजाद पार्क का गेट भी खोल दिया जिससे लोग सड़क के बजाय पार्क में बैठ गए।



# महाकुंभ मेले में भगदड़ में तीर्थयात्रियों की मौत पर ममता ने जताया शोक, योगी पर साधा निशाना

■ **कहा... ‘मैंने गंगासागर मेले से उच्चतम स्तर की योजना बनाना और सावधानी बरतनी सीखी’**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रयागराज के महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में लोगों की मौत पर बुधवार को गहरा दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। ममता ने घटना को लेकर बिना नाम लिए इशारों में यूपी की योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बंगाल में वार्षिक गंगासागर मेले के आयोजन के उनके अनुभव से पता चलता है कि कुंभ जैसे विशाल आयोजनों को संभालने के लिए अधिकतम योजना और देखभाल की आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि महाकुंभ में हुई दुखद भगदड़ की घटना के बारे में जानकर स्तब्ध हूं, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त श्रद्धालुओं के परिवारों के साथ है। गंगासागर मेले के आयोजन से हमने सीखा है कि लोगों की इतनी विशाल भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उच्चतम स्तर की योजना और प्रबंधन की जरूरत होती है। विशेषकर तब जब तीर्थयात्रियों का जीवन दांव पर लगा हो।

### महाकुंभ हादसे में बंगाल के कितने लोग फंसे? बंगाल का प्रतिनिधिमंडल जाएगा प्रयागराज

महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या पर 'पवित्र स्नान' के दौरान मचे भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई है। जबकि, घटना में करीब 60 लोग घायल बताए गए है। वहां बंगाल के भी बहुत से निवासी हैं। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के कारण बंगाल के कई निवासी फंसे हुए हैं। राज्य प्रशासन इस बात से चिंतित है। फंसे हुए लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए दिल्ली स्थित रेजिडेंट कमीशन कार्यालय के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार से संपर्क किया गया। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, अभी तक योगी राज्य प्रशासन की ओर से यह जानकारी नवान्न तक नहीं पहुंची है। दावा किया जा रहा है कि कई घंटे बीत जाने के बाद भी हताहतों की सूची नहीं दी गई है। इसलिए, स्थिति का आकलन करने के लिए दिल्ली स्थित रेजिडेंट कमीशन कार्यालय से बंगाल का एक प्रतिनिधिमंडल प्रयागराज जा रहा है।

### कांग्रेस पर अपना वोट बर्बाद न करें: केजरीवाल ने दिल्लीवासियों से कहा

(पृष्ठ 7)

### ट्रंप ने 19 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिंग परिवर्तन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन :** अमेरिका में 19 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिंग परिवर्तन किए जाने पर प्रतिबंध लगाने के मकसद से मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने एक बयान में कहा, ‘‘संयुक्त राज्य अमेरिका की नीति है कि वह किसी बच्चे के एक लिंग से दूसरे लिंग में तथाकथित ‘परिवर्तन’ को वित्तपोषित, प्रायोजित, बढ़ावा, सहायता या समर्थन नहीं देगा और वह इन विनाशकारी तथा जीवन बदलने वाली प्रक्रियाओं को प्रतिबंधित या सीमित करने वाले सभी कानूनों को सख्ती से लागू करेगा।’’

# बंगाल में गुलेइन बैरे सिंड्रोम से दो की मौत

■ **जगद्दल निवासी 10 वर्षीय बच्चे एवं धनियाखाली निवासी व्यक्ति की हुई मौत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में गुलेइन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से दो मरीजों की मौत हुई है। एक भाटपाड़ा नगरपालिका क्षेत्र का तो दूसरा धनियाखाली क्षेत्र का निवासी है। एक किशोर है, दूसरा मध्यम उम्र का था। बताया गया है कि दोनों की मौत से पहले लक्षण लगभग एक जैसे ही थे। उत्तर 24 परगना के जगद्दल निवासी एक बच्चे की मृत्यु हुए है। बुधवार को कोलकाता के बीसी राय चिल्ड्रेन हास्पिटल में उसकी मृत्यु हो गई। मृतक का नाम देवकुमार साव (10 वर्ष) है। देवकुमार पिछले एक सप्ताह से विभिन्न लक्षणों से पीड़ित था। बीसी राय अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, इसी बीमारी से पीड़ित दो और बच्चों का वहां इलाज चल रहा है। इनमें से एक उत्तर 24 परगना का निवासी है। उसकी उम्र भी लगभग दस साल है। बता दें कि राज्य में गु-लेइन बैरे सिंड्रोम से मृत्यु की पहली खबर मंगलवार को सामने आई। मृत किशोर अरित्रा मंडल उत्तर 24 परगना के आमडांगा थाना अंतर्गत तबाबेरिया गांव का निवासी है। अरित्रा को गले में खराश के कारण 23 तारीख को बारासात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से उसे कोलकाता स्थित एनआरएस में स्थानांतरित कर दिया गया। सोमवार की रात को उसकी वहीं मृत्यु हो गई। दूसरी ओर, ऐसी ही घटना धनियाखाली के खंजुरदह इलाके में भी घटी। बुधवार को धनियाखाली निवासी सतीनाथ लोहार को स्थानीय डॉक्टर की सलाह पर कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर को डर था कि मरीज़ गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पीड़ित है। यद्यपि उन्हें सलाह के अनुसार अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बताया गया है कि उनकी पहले ही मृत्यु हो चुकी है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, परिजन मरीज को मृत अवस्था में लेकर आए थे। हालांकि, उनकी मृत्यु किसी बीमारी से नहीं बल्कि श्वसन विफलता के कारण हुई। हालांकि, अभी भी इस बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है कि क्या यह दुर्लभ बीमारी उनके शरीर में फैल चुकी थी।

### जेपीसी ने संशोधित वक्फ विधेयक को स्वीकारा, विपक्ष ने असंवैधानिक बताया

**नयी दिल्ली :** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बुधवार को कहा कि समिति ने रिपोर्ट और प्रस्तावित कानून के संशोधित संस्करण को बहुमत से स्वीकार कर लिया। विपक्षी सदस्यों ने स्वीकार किए गए विधेयक की कड़ी आलोचना की और कहा कि यह ‘असंवैधानिक’ है तथा मुसलमानों के धार्मिक मामलों में सरकार के हस्तक्षेप का रास्ता खोलेगा जिस कारण वक्फ बोर्ड खत्म हो जाएंगे। विधेयक को 11 के मुकाबले 15 मतों से मंजूरी दे दी गई। पाल ने दावा किया कि समिति द्वारा अनुमोदित कई संशोधनों ने विपक्षी सदस्यों की कई चिंताओं को भी संबोधित किया है तथा विधेयक के कानून के शक्ल में लागू होने के बाद वक्फ बोर्ड को अपने कर्तव्यों को पारदर्शी और अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहली बार ‘‘पसमांदा’’ (पिछड़े) मुसलमानों, गरीबों, महिलाओं और यतीमों को वक्फ के लाभार्थियों में शामिल किया गया है। अनुभवी भाजपा नेता ने कहा कि रिपोर्ट बृहस्पतिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या विधेयक 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र में पारित किया जाएगा, तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अब बिरला और संसद को आगे के कदम का फैसला करना है।




Ram Naresh Jaiswal M: 9830913810

Dinesh Timber Co.

Dealers :

All types of Timber, Plywood, Shuttering Woods & Shuttering Plywood.

19, Orphangunge Road, Kolkata-700023(Near Taj Bengal Hotel)

Phone: 033 2479 3089 E-mail: timberply@hotmail.com




# रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट

**डॉ संतोष कुमार कोलकाता** के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 17 वर्षों में 10 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। यह संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।

डॉ संतोष कुमार कोलकाता के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 17 वर्षों में 10 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। यह संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।

इनका पूर्वी भारत में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आर्थोपेडिक उपचारों को लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने साल 2013 में, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑर्थोपायलट नेविगेशन प्रणाली की शुरुआत की थी। और आज पूरे पूर्वी भारत के लिए कोलकाता ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए केंद्र बन गया है। उन्होंने अब इस क्षेत्र में घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए दुनिया का पहला पूरी तरह से सक्रिय और स्वचालित रोबोट पेश किया है।




**हमें रोबोट की आवश्यकता क्यों है?**

हम जानते हैं कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट महत्वपूर्ण सर्जरी है। इम्प्लांट के लिए सटीकता आवश्यक है। इंसानों की आंखें सटीक रूप से एक या दो एमएम से कम के बिंदुओं को अलग नहीं कर सकती है, लेकिन यह रोबोट उप-मिलिमीटर सटीकता पर काम करता है। यह सर्जरी के लिए योजना और अनुकूलन बनाने के लिए मदद करता है। इसके द्वारा सर्जरी से पहले ही प्रत्यारोपण के आकार और स्थिति पता की जा सकती है।

**रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट के लाभ:**

1. यह इम्प्लांट का सही संरेखण और प्लेसमेंट देता है।
2. यह उप मिलिमीटर सटीकता के साथ सबसे अच्छा फिट देता है।
3. इसके कारण दर्द भी कम होता है।
4. बेहतर संरेखण इम्प्लांट के प्रदर्शन और उत्तरजीविता को बढ़ाता है।

रोबोट सर्जन का सहायक होता है, सर्जन नहीं। इस बात को लेकर लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। सर्जिकल विशेषज्ञता और सर्जन का अनुभव बहुत ही महत्वपूर्ण है।

**रोबोट के दो प्रकार हैं:** सक्रिय और निष्क्रिय। क्यूविस एक सक्रिय और स्वचालित रोबोट है।




**MOMENTUM ORTHOCARE**

Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089. For more details Contact: 62922 50842, 98319 11584, 98312 66632.

E mail: santdr@gmail.com

www.mykneemylife.org www.momentumorthocare.com

# शिक्षा में बाधा दूर करने की बने नीति

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। खासकर भारत जैसे देश में जहां अधिकांश कृषि मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सबसे बड़ा संकट हमारे कृषि क्षेत्र पर है, जहां उत्पादकता घटने से हमारी खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ती नजर आ रही है। लेकिन अब 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित वह रिपोर्ट चौंकाती है, जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में करीब साढ़े पांच करोड़ बच्चों की शिक्षा हीटवेव से बाधित हुई है। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। रिपोर्ट दावा करती है कि वर्ष 2024 में लू के कारण भारत में शिक्षा व्यवस्था पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड : ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आए, लेकिन बच्चों के प्रति कोई ऐसा संवेदनशील अध्ययन सामने नहीं आया था। जिसने जहां एक ओर अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी, वहीं सरकार पर दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां यथाशीघ्र बनाये। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है क्योंकि अध्ययन में वर्ष 2050 तक बच्चों पर गर्म हवाओं का असर आठ गुना तक बढ़ने की आशंका है।

बीता साल एक सदी से अधिक अवधि के बाद का सबसे गर्म साल घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने सूचित किया था कि वर्ष 2024 वर्ष 1901 के बाद सबसे अधिक गर्म साल रहा है। जो ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को ही उजागर करता है। यह भी कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जो न केवल बच्चों की शिक्षा बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालेगा। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट से बच्चों की शिक्षा बाधित होने से उनके भविष्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। लू की गर्म लहरों के बीच छोटे बच्चों का स्कूल जाना संभव नहीं हो पाता। अभिभावक भी पढ़ाई की तुलना में उनके जीवन को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में समय रहते स्कूलों के समय निर्धारण में परिवर्तन और बढ़ती गर्मी से जुड़ी सावधानियों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर इस संकट का मुकाबला किया जा सकता है। इसके अलावा देश में जलवायु परिवर्तन प्रभावों का हमारे जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन के लिये व्यापक अध्ययन व शोध करने की जरूरत महसूस की जा रही है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसके प्रभाव दीर्घकालीन हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यूनीसेफ ने जिस अध्ययन का हवाला दिया है वह ओस्लो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के निष्कर्ष हैं। यह कोशिश भारत के विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों द्वारा की जानी चाहिए ताकि निष्कर्ष भारतीय परिस्थितियों के हिसाब से स्वदेशी अध्ययन के चलते अधिक प्रमाणिक हों। लेकिन इसके अलावा ओस्लो विश्वविद्यालय के अध्ययन में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भारत को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की दृष्टि से अधिक संवेदनशील बताया गया है। हालांकि, बीते वर्ष ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से पूरी दुनिया के चौबीस करोड़ बच्चों की पढ़ाई मौसम की तल्खी से बाधित हुई है। बड़ी संख्या में बच्चे मौसमी व्यवधानों के चलते स्कूल नहीं जा पाए। निस्संदेह, परीक्षा परिणाम प्रभावित होने से बच्चों के भविष्य पर इसका प्रतिकूल असर दीर्घकालिक हो सकता है।

# प्रयागराज भगदड़: प्रशासनिक लापरवाही या भक्तों का उन्माद



प्रियंका सौरभ

एक पौराणिक शहर की सीमाओं पर विचार करना चाहिए, जिसे अपनी धार्मिक विरासत को बनाए रखते हुए आठ करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। दस लोगों के लिए डिज़ाइन की गई जगह में सौ लोग कैसे रह सकते हैं? यह विचार करने के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसके अलावा, वीवीआईपी संस्कृति और सरकार के मुनाफे की खोज, जिसमें राजस्व के लिए हर उपलब्ध भूमि को पट्टे पर देना और बिचौलियों को शामिल करना शामिल है, के बीच का संबंध मामले को और जटिल बनाता है। यह धार्मिक भक्ति का मामला है, प्रतिस्पर्धा या उन्माद का नहीं।

प्रयागराज में हुई भगदड़ के बारे में सुनना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों की जान चली गई। यह घटना निस्संदेह विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक चर्चाओं को जन्म देगी। विपक्ष आलोचना करेगा, जबकि सरकार अपने कार्यों को सही ठहराने का प्रयास करेगी, लेकिन जो लोग मर चुके हैं उन्हें वापस नहीं लाया जा सकता। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

प्रयागराज में संगम तट पर वर्ष 2013 के कुंभ मेले के दौरान 10 फरवरी दिन रविवार को मौनी अमावस्या का स्नान था। कुचलने और गिरने से 35 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि दर्जनों लोग घायल हुए थे। जिनका अस्पताल में कई दिनों तक इलाज चला था। 1954 में मौनी अमावस्या के दिन नेहरू जी ने संगम में स्नान किया, जो इस मेले का मुख्य आकर्षण था। इस कुंभ मेले के दौरान एक दर्दनाक हादसा भी हुआ। मौनी अमावस्या के स्नान के समय, एक हाथी नियंत्रण से बाहर हो गया और भगदड़ मच गई। इस दुर्घटना में करीब 500 लोग मारे गए।

भगदड़ के बाद भीड़ को नियंत्रित करने और सूचना देने के लिए लाउडस्पीकर्स का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा, रात के समय मेले में रोशनी के लिए 1000 से अधिक स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई थीं। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद, कुंभ मेले में हाथियों के उपयोग पर हमेशा के लिए रोक लगा दी गई। अपने घर में छोटा -सा कार्यक्रम करिए उसको सकुशल संपन्न कराने में हवा निकल जाती है यहां तो पूरा विश्व आया हुआ है करोड़ों की संख्या में।

एक पौराणिक शहर की सीमाओं पर विचार करना चाहिए, जिसे अपनी धार्मिक विरासत को बनाए रखते हुए आठ करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। दस लोगों के लिए डिज़ाइन की गई जगह में सौ लोग कैसे रह सकते हैं? यह विचार करने के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसके अलावा, वीवीआईपी संस्कृति और सरकार के मुनाफे की खोज, जिसमें राजस्व के लिए हर उपलब्ध भूमि को पट्टे पर देना और बिचौलियों को शामिल करना शामिल है, के बीच का संबंध मामले को और जटिल बनाता है। यह धार्मिक भक्ति का मामला है, प्रतिस्पर्धा या उन्माद का नहीं।

कुछ लोग इसे प्रशासन की नाकामी बता रहे हैं। लिखना और आलोचना करना बहुत आसान है लेकिन जहां पर लाखों, करोड़ों लोगों की भीड़ हो ओर उसमें भी बहुत बड़ी संख्या में बुजुर्ग हो। घाटों पर जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर रहे हो, बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करके बाहर निकल रहे हो और बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान करने जा रहे हों। हादसे की संभावना बनी रहती है और अफसोस हादसा हो ही गया।

हमेशा याद रखें। प्रशासन एक-एक का हाथ पड़कर स्नान नहीं करवा सकता। हादसा कहीं भी हो सकता है। ना इसमें पूरा प्रशासन का दोष है और ना ही इसे विपक्ष की साजिश कहा जा सकता है। यह महज एक हादसा है। हादसे के बाद पूरे संगम क्षेत्र में स्थिति बिलकुल सामान्य है लेकिन मीडिया अपने टीआरपी के लिए सनसनी पैदा कर रहा है। जबकि मीडिया की जिम्मेवारी है कि वह घटना (भगदड़) की वजह की रिपोर्टिंग पर करें।

इसके अतिरिक्त लोग महाकुम्भ में जिस श्रद्धा आस्था के साथ आएं हैं, उसी श्रद्धा पूर्वक उन्हें कर्तव्यबोध भी रहे। सरकार के नियम, अनुशासन, चेतावनी का उसी आस्था से पालन करे। जब अयोध्या और काशी में आशातीत भीड़ हो गई है तो प्रयागराज में महाकुंभ में सम्मिलित श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान भी नहीं किया जा सकता। सभी लोग त्रिवेणी संगम में ही स्नान के लिए हठ न करें, चालीस किलोमीटर इधर और उधर, यानि अस्सी किलोमीटर तक फैला हुआ स्नान घाट बनाया गया है। वहीं स्नान कर कृपया व्यवस्था में सहयोग बनाएं।

ऐसा लगता है कि सरकार खुद को सर्वश्रेष्ठ आयोजक के रूप में दिखाने पर केंद्रित है, जबकि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से सनातन को बढ़ावा देने में अधिक रुचि रखते हैं, आम भक्तों की भावनाओं की उपेक्षा करते हैं। ब्रह्म कल्प के दौरान लगभग 45 दिनों तक, शाही स्नान (शाही स्नान) प्रतिदिन होता है, फिर भी हमारे धार्मिक नेताओं ने इसे श्रद्धालुओं तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुँचाया है।

इन नेताओं द्वारा कुंभ स्नान का वास्तविक महत्व जनता को पर्याप्त रूप से नहीं बताया गया है। यदि सनातन धर्म पर चर्चा करने के लिए अक्सर टेलीविजन पर आने वाले धार्मिक व्यक्ति कल्पवास के इन 45 दिनों के दौरान प्रत्येक प्रहर के दौरान स्नान के महत्व पर जोर देते, तो भारी भीड़ को अलग-अलग दिनों में फैलाया जा सकता था, जिससे संभावित रूप से ऐसी त्रासदियों को रोका जा सकता था।

अत्यधिक प्रचार के कारण महाकुंभ में बेहिसाब भीड़ जमा हो गई। इसके अतिरिक्त वीआईपी यानी अति विशिष्ट को जरूरत से ज्यादा महत्व और आमजन को अनेक रास्तों पर रोकना या वापस भेजना या मोक्ष मार्ग पर अति विशिष्ट के लिए अलग मार्ग भी एक कारण। भगदड़ के लिए बस एक छोटी- सी गलती की ज़रूरत होती है। एक बात और असरदार या धनी लोग द्वारा अपने पैसों के दम पर सामान्य तीर्थयात्रियों का हक़ मार लेना, उनको पीछे धकेल देना। क्या यह पाप नहीं है ? क्या गंगाजी इस तरह के पापियों के पाप धो पाएगी ? दिवंगत आत्माओं को शांति मिले।

-रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस, कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार,

# अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत



ललित गर्ग


गांधी निर्वाण दिवस -30 जनवरी 2025 पर विशेष

राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत- सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।

महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना।' मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है।

मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है।

मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थो के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं।



मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी मेक इन इंडिया का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं।

हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है। यह बात भी थोड़ी अजीब सी लगती है कि पूंजी केन्द्रित विकास के इस तूफान में एक ऐसा शख्स हमें क्यों महत्वपूर्ण लगता है जो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की वकालत करता रहा, जो छोटी पूंजी या लघु उत्पादन प्रणाली की बात करता रहा। सवाल यह भी उठता है कि मनुष्यता के पतन की बड़ी-बड़ी दास्तानों के बीच आदमी के हृदय परिवर्तन के प्रति विश्वास का क्या मतलब है? जब हथियार ही व्यवस्थाओं के नियामक बन गये हों तब अहिंसा की आवाज कितना असर डाल पाएगी? एक वैकल्पिक व्यवस्था और जीवन की तलाश में सक्रिय लोगों को गांधीवाद से ज्यादा मदद मिल रही है।

आज जबकि समूची दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी संघर्षरत लोगों के लिये गांधी का सत्याग्रह ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है। पर्यावरणवादी हों या अपने विस्थापन के विरुद्ध लड़ रहे लोग, सबको गांधीजी से ही रोशनी मिल रही है। गांधी की अहिंसा से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त हो रहे हैं। समस्त समस्याओं का समाधान भी एक ही है, वह है-अहिंसा। अहिंसा व्यक्ति में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए गांधी से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता।

## विदेश की खबरें

### भारत के साथ सीमा पर 'असमान समझौतों' को खत्म करने की मांग करेगा बांग्लादेश : सलाहकार

**ढाका :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने बुधवार को कहा कि वह भारत के साथ सीमा पर कुछ 'असमान समझौतों' को खत्म करने की मांग करेगी। उसने कहा कि अगले महीने दोनों देशों के सीमा रक्षक बलों के महानिदेशकों की बैठक के दौरान यह मांग की जाएगी। गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने कहा, 'भारत के साथ सीमा संबंधी सभी प्रकार के समझौतों पर चर्चा की जाएगी।' उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी पक्ष सीमा प्रबंधन से संबंधित 'कुछ असमान समझौतों' को रद्द करने का प्रयास करेगा तथा अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेगा। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर कुलौरा रेलवे स्टेशन एक अंतर-देशीय रेलवे स्टेशन है जो बांग्लादेश में तीन किलोमीटर अंदर स्थित है और 'बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश' (बीजीबी) वहां भारतीयों को बिना किसी जांच के प्रवेश की अनुमति देने के पक्ष में नहीं है। उनका कहा कि बीजीबी का प्रस्ताव वहां सीमा शुल्क केन्द्र के साथ आव्रजन जांच चौकी स्थापित करने का है।

### दक्षिण सूडान में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, 18 लोगों की मौत

**जुबा :** दक्षिण सूडान के सुदूर इलाके में बुधवार को एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना तेल समृद्ध यूनिटी राज्य में हुई। राज्य के सूचना मंत्री गैटवेच बिपाल ने बताया कि चीनी तेल कंपनी ग्रेटर पायनियर ऑपरेटिंग कंपनी द्वारा किराये पर लिए गए इस विमान में दो पायलट सहित 21 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि एक तेल क्षेत्र के निकट से दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरते समय विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दुर्घटना का कारण क्या था और अधिकारियों ने अभी तक पीड़ितों की पहचान उजागर नहीं की है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि विमान में तेल कर्मचारी सवार थे।

### हमास बृहस्पतिवार को इजराइल के तीन व थाइलैंड के पांच नागरिकों को रिहा करेगा: इजराइली अधिकारी

**यरूशलम :** इजराइल के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि हमास बृहस्पतिवार को होने वाली बंधकों की रिहाई के तहत दो महिलाओं और 80 वर्षीय एक पुरुष समेत तीन इजराइली नागरिकों तथा थाइलैंड के पांच नागरिकों को रिहा करेगा। अधिकारी ने बताया कि इजराइली महिलाओं का नाम अर्बेल येहूद (29) और अगम बर्गर (19) तथा पुरुष का नाम गादी मोजेस (80) है। अधिकारी ने रिहा किये जाने वाले थाइलैंड के नागरिकों के नाम नहीं बताये। यह रिहाई इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम का हिस्सा है, जिसके तहत फलस्तीनी क्षेत्र में बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों और इजराइल द्वारा पकड़े सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 जनवरी, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 16:08 तक, नक्षत्र : श्रावण, 07:07 तक, योग : व्यतिपाता, 18:25 तक, सूर्योदय: 6:17, सूर्यास्त: 17:23 चन्द्रोदय : 06:55, चन्द्रास्त: 18:17, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 13:12 से 14:34

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों के ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आपको किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में वरिष्ठ सदस्यों से राय लेकर आगे बढ़ाना बेहतर रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में मन मुताबिक लाभ न मिलने से आप परेशान रहेंगे। भाई बहनों से कोई पारिवारिक मुद्दे को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। कारोबार में आपको कोई फैसला बहुत ही सोच समझकर लेना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों में लापरवाही करने से बचना होगा। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई प्रॉपर्टी संबंधित मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी फाइनल हो सकती है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी पद और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़े।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। मार्केटिंग से जुड़े लोग अच्छा नाम कमाएंगे।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। जो लोग विदेश घूमने की इच्छा रखते हैं, उनकी वह इच्छा पूरी हो सकती है।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। आप किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले।

**मीन :** आज आपको अपने खर्चों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों का समय अच्छा बीतेगा, क्योंकि उन्हें मन मुताबिक काम मिलेगा।

## वर्ग पहेली नं. 2990



बायें से दायें:- 1) कपड़े की बुनावट में लंबाई और चौड़ाई के बल बुने हुए सूत, 4) बस; सिर्फ़, 7) उच्चस्वरीय; उत्साही; शक्ति-शाली, 9) खुले में, 10) ताँबा-जस्ता मिश्रण, 12) एक प्रकार का महीन कपड़ा, 14) देह, 15) किस समय, 16) अनुशासनप्रिय *(अधिकारी)*; सख़्त; निर्दय, 17) तिरछा, 18) सत्य, 20) दंगा, 21) आरंभ, 23) सफ़ाई कर्मचारी, 25) रहस्य; घूँघट, 27) चोकर, 29) उद्देश्य; संकल्प, 30) बिचौलिया; *ब्रोकर*, 31) कुँवारी; बहाना; अध्यापिका.

ऊपर से नीचे:- 2) मेघ, 3) शीर्षक *(किताब का)*, 4) भारत एक घटक राज्य, 5) ऊपर तक भरा हुआ, 6) बहुत दुष्ट और नीच व्यक्ति, 8) कमीज़ का पल्ला, 11) गर्म-जोशी; उत्साह, 13) अष्टपद नर जालकीट, 14) गीला, 17) ध्वनि, 18) *महाभारत* के संदर्भ में हरियाना का *कुरुक्षेत्र*, 19) जानवर, 22) संकट, 24) परिस्थिति, 26) शाबाशी; वाहवाही, एक चर्म-रोग, 28) श्वश्रु; पतिमाता.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2950

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | 6 | | |
| | 2 | 4 | | | | | | |
| | 8 | | | | | | | |
| 6 | | | | | 4 | 1 | | |
| | | | | 2 | | | | 7 |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | | | | | | | 2 | 8 |
| | | | 3 | | | | 5 | |
| 1 | | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

### सुडोकू पहेली - 2949 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 1 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 5 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 |

# 'कांग्रेस की विफलता के कारण गठबंधन भाजपा को नहीं हरा सका'

## मुख्यमंत्री ममता ने किताब लिखकर दिखाया राहुल गांधी को आईना



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर कांग्रेस को निशाने पर लिया है। उन्होंने बकायदा एक किताब लिखकर बताया है कि कांग्रेस की गलतियों के कारण 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार जीत हासिल कर केंद्र की सत्ता में बैठे। उन्होंने अपनी किताब 'बांग्लार निर्वाचन ओ आमरा' में बताया है कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व सौंपे जाने के बाद भी कांग्रेस ने कब और कहां चूक की। उनकी यह किताब विधानसभा चुनाव से एक साल पहले आई है। बता दें कि पश्चिम बंगाल में मार्च 2026 में चुनाव संभावित है। ममता बनर्जी ने अपनी नई किताब में 2024 के लोकसभा चुनाव का विश्लेषण करते हुए कांग्रेस को आईना दिखाया है। कोलकाता इंटरनेशनल बुक फेयर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तीन नई किताबें आईं। इनमें से एक किताब का नाम है 'बांग्लार निर्वाचन ओ आमरा' जिसका मतलब है 'बंगाल के चुनाव और हम'। इस किताब में ममता बनर्जी ने लिखा है कि केंद्र में भाजपा की लगातार तीसरी बार वापसी के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने पूरी कोशिश की, लेकिन विपक्षी गठबंधन इंडिया को कामयाबी नहीं मिली। इसकी वजह कांग्रेस की नाकामी रही। ममता बनर्जी ने बताया है कि वह भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विपक्षी गठबंधन बनाना चाहती थी, जिसमें सभी विरोधी दल इसमें शामिल हों। शुरुआत से ही उन्होंने एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम और कॉमन मेनिफेस्टो पर जोर दिया था। टीएमसी प्रमुख ने दावा किया है कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन के नेता की कुर्सी देने की पेशकश की गई थी, लेकिन फिर भी न तो कोई कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बना और न ही कोई कॉमन मेनिफेस्टो। गठबंधन के दल आपस में ही लड़ते रहे। इस कारण भाजपा को सत्ता में वापसी करने में मदद मिली। तृणमूल कांग्रेस की नेता ने दावा किया कि कांग्रेस को पिछले लोकसभा चुनावों में जितनी सीटें मिलीं, वह इंडिया गठबंधन के अन्य सहयोगियों के समर्थन की वजह से मिलीं। अगर ये सहयोगी दल कांग्रेस को समर्थन नहीं देते तो उनकी सीटें और भी कम होतीं।

**❑ 'राज्य में कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीटों का समझौता केवल दिखावा'**

इतना ही नहीं, बंगाल के चुनावों को लेकर ममता बनर्जी ने लिखा कि राज्य में कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीटों का समझौता केवल दिखावा था। वास्तव में उनका गठबंधन गुप्त रूप से भाजपा के साथ मिलकर तृणमूल कांग्रेस को कमजोर करने की रणनीति पर काम कर रहा था। इसके अलावा, ममता ने तृणमूल की सफलता का श्रेय राज्य सरकार की विकास योजनाओं और जनता के समर्थन को दिया।

## सिविक वॉलंटियर और पैराटीचर माध्यमिक परीक्षा के किसी भी कार्य में नहीं होंगे शामिल, अभिभावकों के लिए भी सख्त नियम

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी 10 फरवरी से राज्य में माध्यमिक परीक्षाएं शुरू होने जा रही है। ऐसे में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। उससे पहले बोर्ड ने माध्यमिक परीक्षा को लेकर और सख्त रूख अपनाया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने घोषणा की है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिविक वॉलंटियर और पैराटीचर परीक्षा से संबंधित किसी भी कार्य में शामिल नहीं होंगे। परीक्षा हॉल में प्रवेश करते समय अभिभावकों की तलाशी ली जाएगी। यह तलाशी पुलिस करेगी, न कि कोई सिविक वॉलंटियर। बोर्ड का दावा है कि सिविक वॉलंटियर और पैराटीचर्स स्थानीय होने के कारण परीक्षा की सुरक्षा बाधित हो सकती है। सिविक वॉलंटियर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए परीक्षण केंद्र के बाहर रह सकते हैं, लेकिन परीक्षण केंद्र के गेट पर या उसके सामने नहीं रह सकते।

## शिक्षक भर्ती विवाद के बीच राज्य का बड़ा कदम, 10 साल तक संरक्षित रेहगी ओएमआर शीट

**कोलकाता, समाज्ञा :** भर्ती में भ्रष्टाचार से बचने के लिए राज्य सरकार बड़ा फैसला लेने जा रही है। अब शिक्षक भर्ती परीक्षा की ओएमआर शीट 10 साल तक संरक्षित की जाएंगी। राज्य सरकार इसी उद्देश्य से नियम तैयार करने जा रही है। दरअसल, एसएससी ने शिक्षक भर्ती के नए नियमों में ओएमआर शीट को दो साल तक सुरक्षित रखने का प्रस्ताव दिया है। राज्य इस प्रस्ताव से सहमत नहीं है। राज्य इसे दो वर्ष के बजाय दस वर्ष तक रखने के पक्ष में है।

स्कूल शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति के नियमों पर भी राज्य का यही दृष्टिकोण है। राज्य 9वीं-10वीं, 11वीं-12वीं और प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति के लिए एक जैसे नियम चाहता है। हाल ही में, एक के बाद एक शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर उठे विवाद में ओएमआर शीट सुरक्षित रखने की समयसीमा को लेकर उठे सवालों के बाद राज्य ये नियम बनाना चाहता है।

**अलीपुरद्वार मंडल में सिगनल और दूरसंचार कार्य**

ई-निविदा सूचना सं. एसएंडटी/एपीडीजे/22; दिनांक: 24-01-2025। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं. 1, ई-निविदा सं: एपी-एसटी-22-2024-25; कार्य का नाम:** अलीपुरद्वार जं. (एपीडीजे) में:- 2 नग छात्रावास, 1 नग जिम रूम को सेमिनर हॉल और सीबीटी परीक्षण हॉल में रूपांतरण जिसमें 100 प्रशिक्षुओं रखने की क्षमताओं हो, साथ में 02 रूम को वीआईपी रूम में रूपांतरण (एसएंडटी संबंधित कार्य)। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹1,72,03,765.40; **बिड सिक्यूरिटी:** ₹2,36,000.00। **ई-निविदाएं** 18-02-2025 को 15.00 बजे **बंद होंगी** और 18-02-2025 को निर्धारित बंद होने के बाद **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (एसएंडटी), अलीपुरद्वार जं.
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Name Change**

I, Sunil Kumar Goenka, son of Late Om Prakash Goenka, residing at 261, Rabindra Sarani, Barabazar, Circus Avenue, Kolkata-700007, do hereby solemnly affirm and declare that my actual name is Sunil Kumar Goenka and Sunil Kumar Goenka and Sunil Goenka is the same and one identical person via affidavit before the Notary dated 22nd January 2025.

# एसबीआई जादवपुर शाखा में बैंक फ्रॉड, डिप्टी ब्रांच मैनेजर गिरफ्तार

**कोलकाता :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की जादवपुर यूनिवर्सिटी शाखा में एक बड़ा बैंक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एसबीआई के डिप्टी ब्रांच मैनेजर सुमन कुमार सिंह (38), निवासी मोतीलाल मुखर्जी गार्डन लेन, उत्तरपारा को गिरफ्तार किया है।

**❑ घटना का विवरण**

82 वर्षीय संतरानी घोष, निवासी 158उ, प्रिंस गुलाम हुसैन शाह रोड, कोलकाता-32 ने शिकायत दर्ज कराई कि 23 जनवरी 2025 से पहले एसबीआई जादवपुर यूनिवर्सिटी शाखा के स्टाफ और अन्य लोगों ने अपराधी साजिश के तहत उनके नकली हस्ताक्षर बनाए और उन्हें असली दिखाकर 17 लाख रुपये उनके खाते से अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिए।

**❑ जांच में हुआ बड़ा खुलासा**

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने एसबीआई जादवपुर यूनिवर्सिटी शाखा का दौरा किया और शाखा प्रबंधक को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया। बैंक अधिकारियों ने खाते के विवरण और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज पुलिस को सौंपे, जिनकी जांच में डिप्टी ब्रांच मैनेजर सुमन कुमार सिंह की संलिप्तता सामने आई।

**❑ गिरफ्तारी और आगे की कार्रवाई**

जांच में ठोस सबूत मिलने के बाद, पुलिस ने 28 जनवरी 2025 को रात 9:50 बजे एसबीआई जादवपुर यूनिवर्सिटी शाखा के सामने से सुमन कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से 6 फरवरी 2025 तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस इस मामले में अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है और जांच जारी है।

# स्वास्थ्य सचिव ने गुलेइन बैरे सिंड्रोम को लेकर की आपात बैठक

### डॉक्टरों का दावा... 'चिंताजनक स्थिति नहीं', वेवजह अफवाह फैलाने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य के स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने बुधवार को गुलेइन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) को लेकर डॉक्टरों के साथ एक आपातकालीन बैठक की। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में कोलकाता के दो सरकारी अस्पतालों में इस बीमारी के कारण एक लड़के और एक किशोर की मौत की खबर आई है। इसके तुरंत बाद, स्वास्थ्य सचिव और विभाग के अन्य अधिकारियों ने डॉक्टरों के साथ बैठक की ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या गुलेइन बैरे सिंड्रोम का प्रकोप राज्य में खतरनाक स्तर तक फैल गया है। बैठक में उपस्थित डॉक्टरों में संक्रामक रोग विशेषज्ञ, न्यूरोलॉजिस्ट और बाल रोग विशेषज्ञ शामिल थे। बैठक में उनसे पूछा गया कि क्या राज्य के किसी नए क्षेत्र में एक ही स्थान पर बीमारी के कई मामले सामने आने की सूचना मिली है। गुलेइन बैरे सिंड्रोम के बारे में भी विवरण मांगा गया।

डॉक्टरों ने बताया कि राज्य में कहीं भी इस बीमारी का कोई नया प्रकोप नहीं हुआ है। डॉक्टरों ने दावा किया कि गुलेइन बैरे सिंड्रोम के बारे में अनावश्यक दहशत और अफवाहें फैलाई जा रही हैं। इस दौरान, डॉक्टरों ने यह भी दावा है कि राज्य में हर साल 700 से 800 लोग जीबी सिंड्रोम के कारण अस्पताल में भर्ती होते हैं और इस संक्रमण से 50 से 100 लोगों की मौत होती है। डॉक्टरों ने यह भी कहा कि इस बीमारी का कोई टीका नहीं है। हालांकि, डॉक्टरों का दावा है कि राज्य में गुलेइन बैरे सिंड्रोम को लेकर कोई चिंताजनक स्थिति नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग कोई जोखिम नहीं लेना चाहता है।

इसलिए, सभी सरकारी अस्पतालों को जीबी सिंड्रोम के प्रति सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यदि कोई मरीज गुलेइन बैरे सिंड्रोम के लक्षणों के साथ अस्पताल आता है तो उसका उपचार शीघ्र शुरू किया जा सके।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सं. डब्ल्यू7_बैलस्ट_पीकेआर_2025 (खुली निविदा), दिनांक** 28.01.2025 के संबंध में शुद्धिपत्र, जो मुख्य ट्रैक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा पूर्व रेलवे के हावड़ा, सियालदह, मालदा और आसनसोल मंडलों के लिए एफ.ओ.आर. पाकुड़ क्वैरी के तहत 3,86,750 घनमी. मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की बीओबीवाईएन टाइप वैगनों में आपूर्ति, लीडिंग और लोडिंग के लिए इस समाचार पत्र में पहले प्रकाशित किया गया था, उक्त निविदा में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं: **निविदा की अंतिम तिथि और समय** दिनांक 12.02.2025, 15.30 बजे के बदले **दिनांक** 17.02.2025, 15.30 **बजे** पढ़े जाने चाहिए। **बोली शुरू होने की तिथि** दिनांक 29.01.2025 के बदले **दिनांक** 03.02.2025 पढ़ी जानी चाहिए। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

MISC-320/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Notice Inviting e-Tender**

**Ref e-NIT No.: 2025_ZPHD_808400_1 to 2.**

An e-Tender **(Notice: 81, Date: 29.01.2025)** containing two number of scheme for construction work under Kalna-II Panchayat Samity, Purba Bardhaman has been floated amounting to **Rs. 6.99998 lakhs. Fund-15th CFC (Untied Grant) 2023-24.**

Bid Submission End on: **10.02.2025 at 05:30 PM.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

**Sd/-**
**Executive Officer**
**Kalna-II Panchayat Samity**
**Singerkone, Purba Bardhaman**

# केएमसी मकान निर्माण के लिए नई योजना पर कर रहा विचार, वित्तीय रियायतें प्रदान की सुविधा




**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्डनरीच में मकान के ढहने से लेकर बाघाजतिन व टेंगरा में मकानों के झुकने तक, एक के बाद एक आवासीय आपदाओं के कारण कोलकाता नगर निगम (केएमसी) स्वाभाविक रूप से दबाव में है। हालांकि, मेयर फिरहाद हकीम पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि कई कदम उठाए जाएंगे। अब नगर निगम ने मकान निर्माण के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। फिरहाद हकीम ने पहले घोषणा की थी कि कॉलोनी की जमीन पर मकानों के निर्माण के संबंध में नए नियम लागू किए जा रहे हैं। इस बार, आधा कट्ठा जमीन पर मकान बनाने के लिए भी नए नियमों पर विचार किया जा रहा है। नए नियमों के अनुसार, केएमसी का भवन विभाग मकान मालिक को आधा कट्ठा जमीन पर मकान बनाने के लिए डिजाइन की मंजूरी के लिए विशेष वित्तीय रियायतें प्रदान करेगा। साथ ही, वे नए भवन नियम लागू होने पर कॉलोनी की भूमि पर भी विशेष छूट देने की योजना बना रहे हैं। आधा कट्ठा जमीन के मुद्दे पर कहा गया है कि दो मंजिल से अधिक ऊंचे मकान नहीं बनाए जा सकते है। और अगर इसे वर्ग फीट में मापा जाए तो 320 वर्ग फीट जमीन पर दो मंजिला मकान बनाया जा सकता है। इतना ही नहीं, यह भी घोषणा की गई है कि साधारण भूमि के लिए जो 2.5 से 3 फीट की रियायत आवश्यक है, उसे लगभग आधा करने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, यह अवसर केवल कॉलोनी क्षेत्र में ही उपलब्ध होगा। कोलकाता नगर निगम का मानना है कि अगर यह नया नियम लागू हो गया तो आम लोग कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार घर बना सकेंगे और बाद में उन्हें परेशानी नहीं होगी। भवन विभाग द्वारा तैयार डिजाइन पहले मंजूरी के लिए मेयर फिरहाद हकीम के पास जाएगा। इसके बाद, इसे अंतिम मंजूरी के लिए नवान्न भेजा जाएगा। सभी निर्णय वहीं से लिए जाएंगे।

# किराएदार को पीटने व धमकाने के आरोप में नामी बिरयानी दुकान का मालिक गिरफ्तार

**❑ दो दिन की पुलिस हिरासत**
**❑ मालिक पर किराएदार पर कमरा खाली कराने का दबाव बनाने का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** डी बापी बिरयानी के मालिक अनिर्बान दास पर एक व्यक्ति को पीटने के साथ-साथ बंदूक दिखाकर धमकाने का आरोप लगाया गया है। मध्यमग्राम पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में डी बापी बिरयानी की दुकान है। बताया गया है कि मालिक अनिर्बान दास उसी इलाके में रहता हैं। विश्वजीत दत्ता नाम के एक व्यक्ति ने मध्यमग्राम के बिरयानी की दुकान के पास अनिर्बान से एक घर किराए पर लिया था। व्यक्ति ने निर्धारित राशि का भुगतान भी समय पर कर दिया था। लेकिन, कई दिनों से अनिर्बान उस व्यक्ति पर घर छोड़ने का दबाव बना रहा था। विश्वजीत दत्ता ने आरोप लगाया कि उन पर बहुत दबाव डाला जा रहा था। उसे पीटा गया।

इतना ही नहीं, आरोप है कि उनके सुरक्षा गार्ड ने भी उन पर बंदूक से डराया-धमकाया। इसके बाद, विश्वजीत दत्ता ने मध्यमग्राम पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अनिर्बान दास को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को जब उसे अदालत में पेश किया गया तो न्यायाधीश ने उसे दो दिन की हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.** 60-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, **दिनांक** 28.01.2025, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-05 वर्षों के लिए दुर्गापुर स्टेशन में आरडीएसओ टाइप सीआईबी-टीआईबी एवं ऑटो अनाउंसमेंट सिस्टम (आईपीआईएस सिस्टम) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 48,22,044.20, **बयाना राशि:** रु. 96,500/- **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 60 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 20.02.2025 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in/ इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।

ASN-311/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**गुरुधाम (मन्दार) स्टेशन में मेल/एक्सप्रेस तथा पैसेंजर ट्रेनों का अस्थाई ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए **22309/22310 हावड़ा-भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को छोड़कर** सभी अप एवं डाउन मेल/एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनें **दिनांक 02.02.2025 से 08.02.2025 तक** बाराहाट जंक्शन एवं मन्दारहिल हिल के बीच (किमी. 48/4-5 पर) **गुरुधाम (मन्दार)** स्टेशन में अस्थाई रूप से **एक मिनट** के लिए ठहरेगी। • **ट्रेनों की तालिका:** (1) 73441/73442 हँसडीहा-भागलपुर-हँसडीहा डीईएमयू, (2) 73443/73444 हँसडीहा-भागलपुर-हँसडीहा डीईएमयू, (3) 73445/73446 हँसडीहा-भागलपुर-हँसडीहा डीईएमयू, (4) 73401/73402 गोड्डा-भागलपुर-गोड्डा डीईएमयू, (5) 15925/15926 देवघर-डिब्रुगढ़-देवघर साप्ताहिक एक्सप्रेस, (6) 13015/13016 हावड़ा-जमालपुर-हावड़ा कवि गुरु एक्सप्रेस, (7) 12349/12350 गोड्डा-नई दिल्ली-गोड्डा साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस, (8) 18603/18604 राँची-गोड्डा-राँची एक्सप्रेस, (9) 13229/13230 गोड्डा-राजेन्द्र नगर टर्मिनल-गोड्डा साप्ताहिक एक्सप्रेस, (10) 18185/18186 टाटानगर-गोड्डा-टाटानगर साप्ताहिक एक्सप्रेस, (11) 13333/13334 दुमका-पटना-दुमका एक्सप्रेस, (12) 15089/15090 गोड्डा-गोमती नगर (लखनऊ)-गोड्डा साप्ताहिक एक्सप्रेस, (13) 22311/22312 गोड्डा-लोकमान्य तिलक (टी)-गोड्डा एक्सप्रेस।

मंडल रेल प्रबंधक, मालदा

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पासपोर्ट धोखाधड़ी मामले में आरोपी दीपांकर दास को फिर जेल हिरासत, जमानत खारिज



**कोलकाता, समाज्ञा :** पासपोर्ट धोखाधड़ी मामले में आरोपी की बुधवार को जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कठोर टिप्पणी की। इस दिन, पासपोर्ट धोखाधड़ी मामले में आरोपी दीपांकर दास के वकील ने अलीपुर कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन दिया। जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश सौविक दे ने कहा कि आरोपी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए जमानत मांग रहा हैं। पहले उसे देश के लिए काम करने को कहो, फिर वे जमानत मांगेंगे। वह किसके लिए यह सब काम करता है? दरअसल, 14 दिनों की जेल हिरासत के बाद, बुधवार को आरोपी दीपांकर दास को अलीपुर अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान, लालबाजार ने आरोपी को फिर से जेल हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। साथ ही, पुलिस ने जेल में जाकर पूछताछ करने का भी अनुरोध किया। सुनवाई की शुरुआत में, दीपांकर के वकील ने न्यायाधीश से जमानत के लिए आवेदन किया। लेकिन, न्यायाधीश ने आरोपी दीपांकर की जमानत याचिका खारिज कर दी और उसे वापस जेल भेजने का आदेश दिया।

# नोदाखाली में तृणमूल नेता की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी समेत चार गिरफ्तार

### उलूबेरिया से मुख्य आरोपी को दबोचा गया, अबतक मामले में सात गिरफ्तारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के नोदाखाली में युवा तृणमूल नेता कृष्णा मंडल पर गोलाबारी की घटना में मुख्य आरोपी समेत चार लोगो को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त का नाम रवींद्रनाथ नस्कर उर्फ सुबोध है। बाकी तीन युवक बाइक पर सवार होकर आए और तृणमूल नेता पर गोलियां चलाने वाले है। उनके नाम जीत मंडल, सायन भोंड़ और शुभ नस्कर हैं। बताया जा रहा है कि घटना के बाद मास्टरमाइंड हावड़ा के उलूबेरिया में छिप गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दक्षिण 24 परगना के बजबज विधानसभा के दक्षिण रायपुर पंचायत के क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्णा मंडल की गत 25 जनवरी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए तीन युवकों ने उसे नजदीक से गोली मारी और भाग गए। इस घटना में कथित संलिप्तता के कारण तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ के बाद कई जानकारियां सामने आईं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कृष्णा मंडल का रवींद्रनाथ नस्कर उर्फ सुबोध के साथ लंबे समय से व्यापारिक विवाद चल रहा था। एक जमीन की बिक्री के पैसे को लेकर विवाद बढ़ गया। सुबोध ने कृष्ण को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और उसके लिए उसने उक्त तीन युवकों जीत मंडल, सायन भोंड़ और शुभ नस्कर से संपर्क किया। इसके बाद, नेता पर गोलियां चलाई गईं। घटना के बाद से सुबोध और तीन अन्य लोग छिप गए थे। सुबोध के किसी परिचित के मोबाइल टावर का लोकेशन ट्रैक करने पर पुलिस को पता चला कि वह उलुबेरिया में छिपा हुआ है। नोदाखली थाने की पुलिस ने गत मंगलवार की रात वहां छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के बाद तीनों युवकों को भी ढूंढ लिया गया। उन्हें भी रात में गिरफ्तार कर लिया गया। चारों को नोदाखली पुलिस स्टेशन ले जाया गया। गिरफ्तार किए गए चारों लोगों को बुधवार को अलीपुर अदालत में पेश किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों को पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है। इस घटना में अब तक कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**Short NIQ No.: 42/BB of 2024-25, Short NIQ No.: 14/BBES of 2024-25 & Short NIQ No.: 10/BBIT of 2024-25** of Assistant Engineer, Banga Bhawan, P.W.D. **under Banga Bhawan Sub Division**, from bonafied outsider only having credential for similar nature of work. Last Date & time for Receipt of Application for Participating in the Tender/ Quotation **(Offline) 30.01.2025 up to 14.00 hrs.** Others details may be seen from the web site: **http://etender.wb.nic.in & http://wbpwd.in**

**Sd/-**
**Officer-in-Charge & Assistant Engineer, P.W.D., Banga Bhawan**

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: 318_2024-25, 319_2024-25 और 327_2024-25, दिनांक 28.01.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 318_2024-25, कार्य का विवरण** : एईएन/बैण्डेल की शाखा में दिव्यांगजन यात्रियों के लिए सुविधाओं में सुधार और प्रावधान, शौचालयों की उन्नति और साइनेज का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,97,51,855.08, **बयाना राशि:** रु. 2,48,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य। **समापन अवधि :** 06 (छह) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 319_2024-25, कार्य का विवरण** : (i) एईएन/लिलुआ की शाखा में दिव्यांगजन यात्रियों के लिए सुविधाओं में सुधार और प्रावधान, शौचालयों की उन्नति और साइनेज का प्रावधान। (ii) हावड़ा मंडल (फेज-I) के तहत पुराने और जीर्ण-शीर्ण ओएफसी कंटेनर को नए ओएफसी रूम से बदलना। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,48,19,474.15, **बयाना राशि:** रु. 2,74,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 06 (छह) माह। **क्रम सं. 3, एनआईटी सं.: 327_2024-25, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल - वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में निम्नलिखित स्थानों में टीआरआर (पी) - 17.417 टीकेएम, बाली - बैण्डेल अप मेन लाइन 16 - 17.160 = 1.160 किमी, अप मेन लाइन 18.005 - 21 = 2.995 किमी, हावड़ा - बाली डाउन मेन लाइन 6 - 6.200 = 0.200 किमी, डाउन मेन लाइन 8 - 8.431 = 0.431 किमी, रिव मेन लाइन 2.087 - 2.620 = 0.533 किमी, अप मेन लाइन 6 - 8.660 - 2.660 किमी; हावड़ा - सांतरागाछी डाउन-2 1.099 - 1.665 = 0.566 किमी, और बाली - बैण्डेल डाउन मेन लाइन 12.915 - 13.385 = 0.470 किमी, डाउन मेन लाइन 13.716 - 15.225 = 1.509 किमी, डाउन मेन लाइन 15.517 - 16.101 = 0.584 किमी, डाउन मेन लाइन 17.134 - 19.400 = 2.266 किमी, अप मेन लाइन 8.660 - 10.280 = 1.620 किमी, अप मेन लाइन 11.150 - 11.500 = 0.350 किमी, अप मेन लाइन 11.927 - 14 = 2.073 किमी और निम्नलिखित स्थानों में सीटीआर (पी) - 0.42 टीकेएम, हावड़ा - बाली कॉर्ड डाउन एचबीसी 4.580 - 5 = 0.420 किमी। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,36,94,656.14, **बयाना राशि:** रु. 2,18,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 17.02.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-571/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# नाकाशीपाड़ा में जमीन दखल को लेकर दो परिवारों में बमबारी व गोलीबारी, एक की मौत

### घटना के बाद से दोनों परिवारों के आरोपी फरार, पुलिस तलाश में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा**

जमीन के स्वामित्व को लेकर दो परिवारों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद को लेकर बुधवार को बम विस्फोट और गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अलहमदु शेख (52) के रूप में की गई है। यह सनसनीखेज घटना नदिया के चापड़ा थाना अंतर्गत नकाशीपाड़ी में घटी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, चापड़ा के महेशनगर के शिवपुर में एक जमीन को लेकर अलहमदु शेख और हुमी मल्लिक के परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। बुधवार की सुबह अलहमदु शेख और उसका परिवार उस जमीन पर खेती कर रहे थे।

आरोप है कि उसी समय हुमी मलिक और उसके गिरोह ने जमीन पर कब्जा कर लिया और उस पर खेती करने लगे। इसे लेकर बड़ी समस्या शुरू हो गई। दोनों पक्षों में झड़प के दौरान बम और बंदूकें निकल आईं। दोनों पक्षों पर एक दूसरे पर हमला करने का आरोप है। कई बम और गोलियां चलाई गईं। उन पर धारदार हथियारों से भी हमला किया गया। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की खबर मिलते ही चापड़ा थाना के पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। तीन घायलों को बचाकर चापड़ा ग्रामीण अस्पताल भेज दिया गया। वहां अलहमदु शेख को मृत घोषित कर दिया गया। बाकी लोगों की स्थिति गंभीर होने के कारण कृष्णानगर शक्तिनगर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से क्षेत्र में व्यापक दहशत फैल गई है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई है। लेकिन बम और बंदूकें आम लोगों के हाथों में कैसे आईं? पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। गांव के अंदर हथियारों की तलाश भी चल रही है। घटना के बाद से दोनों परिवारों के आरोपी फरार हैं। उनकी गहन तलाश जारी है।

# बांगुर अस्पताल में डॉक्टर के उत्पीड़न का आरोप, मरीज के परिवार के दो सदस्य गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** बांगुर अस्पताल में एक डॉक्टर के उत्पीड़न के आरोप में पुलिस ने एक मरीज के परिवार के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पता चला है कि मंगलवार की रात को हुई इस घटना ने नया बवाल खड़ा कर दिया है। डॉक्टर और स्वास्थ्यक र्मी सुरक्षा की मांग को लेकर मुखर हैं। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की रात चारु मार्केट निवासी एक व्यक्ति कटे हुए हाथ के साथ अस्पताल पहुंचा। कथित तौर पर, आपातकालीन उपचार के दौरान, मरीज डॉक्टर को 'उपचार विधियों' के बारे में बताना शुरू किया। इस पर, डॉक्टर ने विरोध किया। कथित तौर पर, इसके बाद, मरीज के परिवारवालों ने डॉक्टर की पिटाई कर दी। घटना को लेकर रात में अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मरीज के परिवार के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

www.samagya.in
ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL · EDUCATION · OBITUARY
PROPERTY · NAME CHANGE · REMEMBRANCE
RECRUITMENT · PUBLIC NOTICE · DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# टैब भ्रष्टाचार मामले का 'मास्टरमाइंड' गिरफ्तार

## पुलिस ने नेपाल सीमा से कार्यवाहक प्रिंसिपल को दबोचा



**उत्तर दिनाजपुर/कोलकाता :** टैब भ्रष्टाचार मामले का 'मास्टरमाइंड' गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया गया है कि बुधवार को उसे नेपाल सीमा पर से गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि उसने अपने घर पर बैंक ग्राहक सेवा केंद्र चलाने की आड़ में ग्राहकों की बैंकिंग जानकारी चुराई और धोखाधड़ी की। उसने छात्रों के टैब के पैसे भी चुराए। अभियुक्त का नाम मोहम्मद मफितजुल इस्लाम उर्फज्वेल है। वह मझियाली हाई स्कूल के कार्यवाहक प्रिंसिपल है। वह मूल से चोपड़ा की सीमा पर घिरनीगांव क्षेत्र निवासी है। फिलहाल, शादी के बाद वह उनकी पत्नी के साथ ससुराल क्षेत्र चोपड़ा के काचाकाली में बने मकान में रहता हैं। ज्वेल के ससुर सुल्तान अहमद भुलभुली एमएसके में शिक्षक हैं। वहां एक चाय बागान भी है। उल्लेखनीय है कि टैब भ्रष्टाचार मामले में 2024 के अंत में गिरफ्तारियां शुरू हुईं थी। कोलकाता और राज्य पुलिस की जांच में चोपड़ा का नाम सामने आया था। वहां से एक के बाद एक शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों को गिरफ्तार किया गया था। तभी, जांच में मोहम्मद मोफितजुल इस्लाम उर्फ ज्वेल का नाम सामने आया था। तब से उसकी तलाश जारी है। इस बीच, ज्वेल कार्यवाहक प्रिंसिपल की जिम्मेदारी एक अन्य शिक्षक इस्माइल को सौंपकर छुट्टी पर चला गया। उसने कहा कि वह बीमार है और वह इलाज के लिए दिल्ली जा रहा हैं। इस दिन, उसे नेपाल सीमा पर से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया है कि मोफताजुल इस्लाम पिछले करीब 10 वर्षों से उत्तर दिनाजपुर के माझियाली हाई स्कूल में कार्यरत थे। 2022 में, जब स्कूल के नियमित प्रिंसिपल सेवानिवृत्त हुए, तो उन्हें अंतरिम प्रिंसिपल की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान, वे स्कूल पोर्टल के संचालन के भी प्रभारी थे। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि मोफताजुल केवल अपने स्कूल तक सीमित नहीं थे, बल्कि उन्होंने विभिन्न राज्यों में भी अपनी गतिविधियां फैला रखी थीं। उन्होंने छोटे-छोटे गिरोह बनाए और प्रशासन की नजरों से बचकर सरकारी योजना की राशि को हेरफेर करने की साजिशें रचीं। कोलकाता समेत राज्य के विभिन्न जिलों में जहां-जहां टैब घोटाले की शिकायतें दर्ज हुई थीं, वहां के सभी मामलों में मोफताजुल का नाम प्रमुख आरोपियों में था। पुलिस अब इस घोटाले से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।

## एसएससी भर्ती विवाद : 26 हजार पैनल रद्द करने की मांग पर माकपा में ही विरोध के घेरे में विकास भट्टाचार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती मामले में 26 हजार उम्मीदवारों के पैनल को रद्द कर नई परीक्षा कराने की मांग करने वाले वामपंथी सांसद और वरिष्ठ वकील विकास रंजन भट्टाचार्य अब खुद अपनी पार्टी के विरोध का सामना कर रहे हैं। उनके इस बयान के खिलाफ माकपा की छात्र शाखा एसएफआई और शिक्षक संगठन एबीटीए ने नाराजगी जताई है। उल्लेखनीय है कि विकास रंजन भट्टाचार्य ने गत सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में दलील दी थी कि 2016 की एसएससी भर्ती प्रक्रिया में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ, इसलिए पूरे पैनल को रद्द कर नई परीक्षा ली जानी चाहिए। लेकिन उनके इस बयान के खिलाफ सबसे पहले एसएफआई के राज्य सचिव देबांजन दे बुधवार को सामने आए। उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार योग्यता के आधार पर नौकरी पा चुके हैं, उनकी नौकरी छीनी नहीं जा सकती। उन्होंने यह भी कहा कि पैनल को रद्द करने से नई परीक्षा आयोजित करने में दो से तीन साल लग सकते हैं, जिससे स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी हो जाएगी। एसएफआई के अलावा, माकपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व छात्र नेता सुजन चक्रवर्ती ने भी विकास रंजन भट्टाचार्य के बयान का विरोध किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने वाले वही थे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि योग्य उम्मीदवारों की नौकरियां छीनी जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट तय करेगा कि भर्ती प्रक्रिया में क्या बदलाव किए जाने चाहिए, लेकिन जो लोग परीक्षा पास कर चुके हैं और योग्य हैं, उनकी नौकरी नहीं जानी चाहिए। माकपा के शिक्षक संगठन एबीटीए ने भी पैनल रद्द करने के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एबीटीए के महासचिव सुकुमार पाइन ने कहा कि 26 हजार की भर्ती प्रक्रिया में कई योग्य उम्मीदवार शामिल हैं, जिन्होंने पहले से ही शिक्षक के रूप में काम किया था और उच्च वेतन पाने या अपने स्थान को बदलने के लिए दोबारा परीक्षा दी थी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में योग्य उम्मीदवारों की नौकरी बचाने के लिए दो वरिष्ठ वकील भी भेजे हैं। इस मामले में कोलकाता के धर्मतला में प्रदर्शन कर रहे शिक्षक भी भट्टाचार्य के बयान से नाराज हैं। ये शिक्षक छह साल से अपनी नौकरी कर रहे हैं और अब वे दोबारा परीक्षा देने के लिए तैयार नहीं हैं।

## अज्ञात अपराधियों ने चाकू दिखाकर 7.30 लाख रुपये की लूट को दिया अंजाम



**कोलकाता :** कोलकाता के पार्क स्ट्रीट थाना क्षेत्र में एक बड़ी लूट की घटना सामने आई है। पुलिस ने इस संबंध में आलोक कुमार भदानी (43), निवासी 42घ राजा संतोष रोड, काला बागान, थाना चेतला, कोलकाता-27 की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, 28 जनवरी 2025 को शाम 5:22 बजे, अज्ञात बदमाशों ने 46उ रफ़ी अहमद किदवई रोड स्थित एक ऑफिस के पांचवें मंजिल पर उनसे चाकू दिखाकर 7 लाख 30 हजार रुपये लूट लिए। अपराधियों ने उन्हें डराकर नकदी छीन ली और मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद शिकायतकर्ता ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके आधार पर पार्क स्ट्रीट थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अज्ञात आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों की जांच कर रही है।

कोलकाता पुलिस ने कहा कि इस घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# सिउड़ी में पुलिस पर हमले के आरोप में 20 गिरफ्तार, कई लोग गांव छोड़कर भागे

## पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से तीन बंदूकें और छह गोलियां कीं बरामद

**बीरभूम :** जिले के सिउड़ी में पुलिस पर हुए हमले की घटना के बाद बीरभूम प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहा है। बता दें कि गत मंगलवार की सुबह मल्लिकपुर पंचायत के मिनिस्टीरियल गांव में पुलिस की पिटाई की गई। थाने के आईसी का कॉलर पकड़कर खींचने की तस्वीर सामने आने से भी हड़कंप मच गया। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में घरों की तलाशी चला रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस घटना में अबतक 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गांव के अंदर हथियार कहां से आये? पुलिस उस मामले की भी जांच कर रही है। आरोप है कि गत मंगलवार की सुबह असलहों से लैस दो युवक गांव में स्थानीय लोगों को धमका रहे थे। पहले तो स्थानीय लोग डर गए, लेकिन बाद में उन्होंने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। हाथ-पैर बांधकर उनकी पिटाई शुरू की गई। जब पुलिस उनकी मदद के लिए गांव में आई तो भीड़ उग्र हो गयी और पुलिस पर हमला कर दिया। दोनों युवकों को पुलिस से छीनने की कोशिश की गई। इस दौरान, स्थानीय लोगों ने पुलिस की पिटाई भी की। थाने के आईसी का कॉलर भी खींचा गया। हमला होने के बाद पुलिस थोड़ा पीछे हट गई। बाद में, पुलिस अधिकारी बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस ने भारी लाठीचार्ज किया। घटना के बाद पूरे गांव में तलाश शुरू हुई। बताया जा रहा है कि अनेक लोग बेघर हैं। और वहां मौजूद बाकी लोगों ने मुंह पर ताला लगा लिया है। इस बारे में, जिला पुलिस अधीक्षक अमनदीप ने बताया कि घटना के मुख्य आरोपी रसूलुद्दीन अंसारी और मल्लू अंसारी को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा, पुलिस पर हमले के सिलसिले में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किये गये लोगों में 7 पुरुष और 13 महिलाएं हैं। हमले के सिलसिले में कई अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने तलाशी में तीन बंदूकें और छह गोलियां बरामद कीं। कई बाइकें भी जब्त की गई हैं। लेकिन गांव में अवैध हथियार कहां से आ रहे हैं? क्या गांव में और भी हथियार छिपे हैं? अब ये प्रश्न और भी अधिक महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं।

## मालदह में नतिनी के सामने ही बदमाशों ने की महिला की पीटकर हत्या

**मालदह :** नतिनी के सामने महिला की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मालदह जिले के चांचल में हुए इस घटना से भारी तनाव फैल गया है। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन, यह हत्या क्यों की गई और इसके पीछे कौन है? पुलिस ने इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान रबीना बेवा (50) के रूप में की गई है। वह मालदह के चांचल के रानीकामात इलाके की निवासी थी। बताया गया है कि महिला के दो बेटे काम के सिलसिले में दूसरे राज्य में रहते हैं और एक बेटी है, जिसकी शादी हो गई है। महिला अपनी सात साल की नतिनी के साथ रहती थी। पता चला है कि गत मंगलवार की रात बदमाशों ने घर में घुसकर महिला को रॉड से पीटकर मौत के घाट उतार दिया। बुधवार की सुबह पूरी घटना सामने आई। रबीना का रक्तरंजित शव घर से बरामद किया गया। शव के पास से रॉड बरामद किया गया। शव के पास ही नतिनी बैठी हुई थी। स्थानीय लोगो की सूचना पाकर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और महिला का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। लेकिन हत्या क्यों? क्या किसी को उस महिला से कोई समस्या थी? यदि हां, तो इसका कारण क्या है? इस बात को लेकर संशय है कि यह संपत्ति को लेकर विवाद है या कुछ और। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि घटना के पीछे कौन है।

## विश्व आर्थिक मंच दावोस 2025 में भारत का जल और स्वच्छता मॉडल वैश्विक प्रेरणा स्रोत बना

**दावोस :** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने विश्व आर्थिक मंच में भारत के जल सुरक्षा और स्वच्छता प्रयासों को प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया।

जल सुरक्षा के भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग सत्र में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, जल विशेषज्ञों और 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पाटिल ने भारत की जल सुरक्षा रणनीतियों को साझा किया, विशेष रूप से गुजरात की जल क्रांति, जो मोदी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में शुरू हुई थी। उन्होंने जल शक्ति अभियान के तहत 60,000+ अमृत सरोवरों और जल संरक्षण कार्यक्रमों का उल्लेख किया।

पाटिल ने जल जीवन मिशन के तहत 15 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल और स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से अधिक शौचालय निर्माण की उपलब्धियां साझा कीं। उन्होंने नमामि गंगे मिशन को भी वैश्विक उदाहरण बताया।

पाटिल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जल शक्ति मंत्रालय के गठन से जल संकट के समाधान के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया गया। भारत की इन उपलब्धियों को दावोस में व्यापक सराहना मिली, जिससे भारत वैश्विक प्रेरणा स्रोत बना।

## देवघर-बांका सेक्शन में सीमित ऊंचाई वाले सबवे का सफलतापूर्वक निर्माण कार्य पूरा



**आसनसोल, समाज्ञा :** आसनसोल मंडल के अंतर्गत देवघर-बांका सेक्शन में सीमित ऊंचाई वाले सबवे नंबर 02 का निर्माण कार्य हाल ही में सफलता-पूर्वक पूरा हुआ है। यह उपलब्धि यात्रियों तथा आम जनता की संरक्षा और सुविधा को बढ़ाने की दिशा में एक और कदम है, साथ ही इस क्षेत्र में सुचारू रेलवे परिचालन को सुनिश्चित करना भी है। नवनिर्मित सीमित ऊंचाई वाले सबवे नंबर 02 को कटोरिया और करझौसा स्टेशनों के बीच किलोमीटर 39/13 - 40/1 पर विकसित किया गया है, जो मौजूदा लेवल क्रॉसिंग की जगह लेगा, जिसे भविष्य में बंद कर दिया जाएगा। यह सबवे एक तरफ राधानगर गांव और दूसरी तरफ कारी दमगी और धोबनी गांवों को जोड़ता है। इस परियोजना में मौजूदा लेवल क्रॉसिंग को इस आधुनिक बुनियादी ढांचे से बदलने के लिए सावधानीपूर्वक योजना और निष्पादन शामिल था। नवनिर्मित एलएचएस लेवल क्रॉसिंग पर गेट बंद होने के कारण होने वाली देरी को खत्म करेगा, जिससे सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए निर्बाध यात्रा सुनिश्चित होगी। इसके अतिरिक्त, यह दुर्घटनाओं के जोखिम को काफी कम करेगा, जिससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी।यह निर्माण कार्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के सख्त पालन और ट्रेन परिचालन में न्यूनतम व्यवधान के साथ किया गया था। कुशल इंजीनियरों और श्रमिकों की एक टीम ने इस महत्व-पूर्ण संरचनागत परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए अथक परिश्रम किया। एलएचएस को हल्के और मध्यम वाहनों के आवागमन को समायोजित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जबकि मानसून के मौसम में जलभराव को रोकने के लिए कुशल जल निकासी सुनिश्चित की गई है।

## पैरागॉन ने कोलकाता में भव्य डीलर्स मीट आयोजित कर मनाई स्वर्ण जयंती

**कोलकाता :** भारत के विश्वसनीय फुटवियर ब्रांड पैरागॉन ने अपनी स्वर्ण जयंती के अवसर पर कोलकाता में भव्य डीलर्स मीट का आयोजन किया। यह कार्यक्रम उन डिस्ट्रीब्यूटर पार्टनर्स के सम्मान में रखा गया, जिन्होंने कंपनी की 50 वर्षों की सफलता में अहम भूमिका निभाई। पैरागॉन के स्वर्ण जयंती समारोह की शुरुआत कोलकाता से हुई, जो देशभर में होने वाले आयोजनों की श्रृंखला का दूसरा पड़ाव है। पैरागॉन ने अपने पार्टनर्स को मजबूत करने के लिए डिजिटल टूल्स पेश किए। व्हाट्सएप चैटबॉट से प्रोडक्ट कैटलॉग्स, ऑर्डर ट्रैकिंग और फीडबैक सिस्टम को आसान बनाया गया। गोल्ड सर्कल लॉयल्टी ऐप रिटेलर्स को अमेज़न के जरिए अंक कमाने और रिडीम करने की सुविधा देता है। सेल्सफोर्स के सहयोग से विकसित डिस्ट्रीब्यूटर मैनेजमेंट सिस्टम (उ्दड) लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करता है। पैरागॉन प्राइम पार्टनर प्रोग्राम के तहत रिटेलर्स को नए प्रोडक्ट्स की शीघ्र उपलब्धता, मार्केटिंग सपोर्ट और शॉप-इन-शॉप इंस्टॉलेशन जैसी सुविधाएँ मिलेंगी। मार्केटिंग और आईटी विभाग के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, सचिन जोसेफ ने कहा, स्वर्ण जयंती हमारे ग्राहकों और डिस्ट्रीब्यूटर पार्टनर्स के समर्थन का प्रतीक है। डिजिटल टूल्स और सा-झेदारियों से हम नवाचार और विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। अगले 30 दिनों में देशभर में ऐसे कई और कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे।

## टीवीएस मोटर कंपनी ने लॉन्च किया ब्लूटुथ कनेक्टेड इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर - टीवीएस किंग ईवी मैक्स

**कोलकाता :** टीवीएस मोटर कंपनी ने टीवीएस किंग ईवी मैक्स लॉन्च किया, जो ब्लूटुथ कनेक्टिविटी और SmartX-onnect" टेक्नोलॉजी से लैस है। यह 179 किमी की रेंज, 60 किमी/घंटा टॉप स्पीड, 3.5 घंटे में फुल चार्ज और 6 साल/1.5 लाख किमी की वारंटी के साथ आता है। रजत गुप्ता, बिज़नेस हेड, कमर्शियल मोबिलिटी, ने कहा कि यह लास्ट-माइल कनेक्टिविटी के लिए आधुनिक व टिकाऊ समाधान है। फिलहाल यह यूपी, बिहार, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में 2,95,000 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) में उपलब्ध है।

## किर्नाहार में देर रात घर में घुसकर गृहिणी से दुष्कर्म, पड़ोसी युवक गिरफ्तार

**बीरभूम :** देर रात को घर में घुसकर गृहिणी से दुष्कर्म करने के आरोप में एक पड़ोसी युवक को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त का नाम सुबीर बाउरी है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना गत सोमवार की रात बीरभूम के किर्नाहार थाना अंतर्गत ठिबा पंचायत इलाके में घटी। बुधवार को आरोपी को बोलपुर अदालत में पेश किया गया। पड़ोसी और रिश्तेदारों ने आरोपी को फांसी देने की मांग की हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोमवार की रात महिला घर के अंदर सो रही थी। पति घर पर नहीं था। कथित तौर पर, रात में पड़ोसी सुबीर बाउरी नशे में धुत होकर दरवाजा तोड़कर घर में घुस आया। महिला ने तुरंत चीखना शुरू कर दिया। गृहिणी बार-बार उसे पूछती रही कि वह घर में क्यों आया है? सुबीर ने कोई जवाब नहीं दिया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। इसके बाद, आरोपी ने गृहिणी का चेहरा चादर से ढक दिया और कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

## हावड़ा डिवीजन ने दमदम-डानकुनी सेक्शन में किया बुनियादी ढांचे का उन्नयन पूरा



**कोलकाता, समाज्ञा :** एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, हावड़ा डिवीजन ने 23 जनवरी से 27 जनवरी तक दमदम-डानकुनी सेक्शन पर सियालदह डिवीजन द्वारा किए गए 100 घंटे के मेगा ब्लॉक के दौरान केवल 96 घंटों (23.01.25 से 26.01.25) में व्यापक बुनियादी ढांचे के उन्नयन को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस नियोजित ब्लॉक का उपयोग यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा, दक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण ट्रैक, सिग्नलिंग और ओवरहेड इलेक्ट्रिकल अपग्रेड करने के लिए किया गया था। हावड़ा डिवीजन ट्रैक सुधार में पूर्ण कार्य की मुख्य विशेषताएं ट्रैक सुधार, सिग्नलिंग सिस्टम अपग्रेड, ओवरहेड विद्युत आधुनिकीकरण व अन्य सुविधाएं शामिल है। इनके अलावा सुरक्षा और संरचनात्मक अखंडता बनाए रखने के लिए फुटओवर ब्रिज को पेंट किया गया और जंग-रोधी बनाया गया। ट्रैक की स्थिरता को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर ताजा गिट्टी (कुचल पत्थर) उतारी गई।

## एम.सी.केजरीवाल विद्यापीठ में गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन



**हावड़ा :** एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ के प्रांगण में देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शमिक घोष, विद्यालय के अध्यक्ष किशन कुमार केजरीवाल, एम.सी.के.वी .ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रोफेसर पार्थ सारथी चक्रवर्ती, एम.सी.के.वी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. अभिजीत लाहिड़ी , विद्यालय के निदेशक नीलकंठ गुप्ता, प्रधानाचार्या शर्मीली बंद्योपाध्याय , ट्रस्टी अभय केजरीवाल, हेडमास्टर विश्वजीत मजूमदार , मधुस्थली विद्यापीठ के शिक्षा अधिकारी जनार्दन घोष एवं सम्मानित शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। समारोह की शुरुआत छात्रों द्वारा राष्ट्र के प्रति अपनी एकता और सम्मान को प्रदर्शित करते हुए अनुशासित मार्च पास्ट के साथ हुई। तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और साथ में राष्ट्रगान की हुआ। स्कूल के चेयरमैन किशन कुमार केजरीवाल ने सभा को संबोधित करते हुए छात्रों से चरित्र की नींव के रूप में नैतिक मूल्यों , संस्कारों,जीवन में अनुशासन,समय की पाबंदी आदि महत्वपूर्ण सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने संविधान में निहित मूल्यों को बनाए रखने के लिए तथा पर्यावरण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को समझते हुए वृक्षारोपण का भी आग्रह किया। सम्मानित अतिथि डॉ. शमिक घोष ने भी प्रेरक वक्तव्य दिया। तत्पश्चात स्कूल के उप-कप्तान कुणाल तिवारी ने भी अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण के दो दौर भी शामिल थे, जहाँ छात्रों को उनकी पाठ्येतर उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। स्कूल गायन मंडली द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम का समापन सहायक स्काउट लीडर कनिष्क कुमार दोकानिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## मेट्रो आरपीएफ ने 2024 में दिखाया सराहनीय प्रदर्शन

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इस लक्ष्य को सुनिश्चित करने में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (ठझऋ) की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। मेट्रो आरपीएफ हमेशा सतर्क रहकर स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म और ट्रेनों में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखती है। वर्ष 2024 में भी मेट्रो आरपीएफ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**2024 की प्रमुख उपलब्धियाँ**

- ❑ 646 मामलों में गंदगी फैलाने, धूम्रपान करने, थूकने और अन्य अनुशासनहीनता को रोकते हुए कार्रवाई की गई।
- ❑ मोबाइल चोरी और पॉकेटमारी के 11 मामलों का पता लगाया गया, जिसमें 14 अपराधियों को गिरफ्तार कर लोकल थाना को सौंपा गया।
- ❑ 2 बच्चों को बचाया गया और संबंधित स्थानीय थाना/एनजीओ को सौंपा गया।
- ❑ 169 बीमार यात्रियों को सफर के दौरान आवश्यक मदद दी गई।
- ❑ सुरक्षा हेल्पलाइन और महिला सुरक्षा हेल्पलाइन पर कुल 4813 कॉल्स प्राप्त हुए, जिन पर त्वरित कार्रवाई कर सहायता प्रदान की गई।
- ❑ मेट्रो आरपीएफ ने 188 मामलों में यात्रियों के छूटे हुए मोबाइल फोन, लैपटॉप, पर्स और अन्य कीमती सामान को बरामद किया। इन वस्तुओं की कुल कीमत 38,67,919/- आंकी गई और सत्यापन के बाद इन्हें उनके असली मालिकों को सौंप दिया गया।


मेट्रो आरपीएफ का यह प्रयास यात्रियों के विश्वास को और मजबूत करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कोलकाता मेट्रो यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन सेवा बनी रहे।

# बहरामपुर में तृणमूल नेता की रहस्यमय मौत, सड़क किनारे मिला शव

**मुर्शिदाबाद :** मालदह के बाद अब मुर्शिदाबाद में एक तृणमूल नेता की रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह बहरामपुर में सड़क किनारे पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष का शव बरामद हुआ है। उनकी मृत्यु कैसे हुई, इस पर संशय बना हुआ है। इस घटना से क्षेत्र में तीव्र उत्तेजना फैल गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान सुकुमार अधिकारी के रूप में की गई है। वह बहरामपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने लगातार दो कार्यकालों तक बहरामपुर थोक उपभोक्ता सहकारी समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, सुकुमार पिछले कुछ समय से मानसिक अवसाद से जूझ रहे थे। वह मंगलवार को घर से निकले थे, लेकिन वह रात को घर वापस नहीं आये। इस दिन, सुबह में सुकुमार अधिकारी का शव रानीबागान से सटे सड़क से बरामद किया गया। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि सुकुमार ने आत्महत्या की होगी। ऐसा माना जा रहा है कि यह एसिड पीकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। सुकुमार क्षेत्र में एक दयालु व्यक्ति और कुशल नेता के रूप में जाने जाते थे। क्या ऐसे नेता का कोई शत्रु था? या फिर पारिवारिक विवाद के कारण मानसिक अवसाद के कारण उसने आत्महत्या कर ली? पुलिस हर चीज की जांच कर रही है।

## मालदह में उधार में शराब नहीं देने पर गोलीबारी मामले में एक गिरफ्तार, दो हिरासत में

**❑ घायल शराब विक्रेता को कोलकाता के एक अस्पताल में कराया गया है भर्ती**



**मालदह :** जिले के वैष्णवनगर थाना इलाके में मंगलवार की शाम एक शराब ठेके पर हुए गोलीबारी की घटना के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर घटना की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। दूसरी ओर, घटना में घायल निरंजन दास की हालत और बिगड़ने के कारण उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति का नाम निमाई घोष है। बताया गया है कि वह अक्सर निरंजन के शराब के ठेके पर जाता था। मंगलवार की शाम को भी वह शराब के ठेके पर गया और उसने निरंजन से उधार में शराब मांगी, लेकिन उसने देने से इनकार कर दिया। इस पर, दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। झगड़े के बीच गोलीबारी शुरू हुई। दुकान के मालिक निरंजन और प्रदीप कर्मकार नामक युवक को गोली मार दी गई। उन्हें मालदह मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रदीप की वहीं मृत्यु हो गई। निमाई को उस आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दो अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है।

## सियालदह डिवीजन में बढ़ावा देने और गंदगी रोकने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया



**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे स्टेशनों, यार्डों और पटरियों को मलबे और कूड़े से मुक्त रखने के लिए भारतीय रेलवे पर देशव्यापी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर सियालदह डिवीजन ने कूड़े की निगरानी और रोकथाम के लिए पूरे डिवीजन में एक व्यापक कूड़ा-विरोधी अभियान भी शुरू किया है। हाल ही में देखा गया है कि रेलवे ट्रैक पर कचरा फेंकने के कारण ही कई प्वाइंट और सिग्नल फेल हो जाते हैं। इस तरह के खतरे को खत्म करने के लिए, सियालदह डिवीजन द्वारा रेलवे ट्रैक और परिसर में गंदगी फैलाने वालों पर स्पॉट जुर्माना लगाने का निर्णय लिया गया है। अपराध की गंभीरता के आधार पर अपराधियों पर रु. 500/- से रु. 1000/- तक का जुर्माना लगाया गया है। संवेदनशील स्थानों पर बारीकी से निगरानी करने और तदनुसार कार्रवाई शुरू करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

स्वच्छता सुनिश्चित करने और कूड़ा-कचरा विरोधी गतिविधियों की निगरानी के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए गए हैं। साथ ही, यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने के महत्व और कूड़े के गंभीर परिणामों के बारे में जागरूक और शिक्षित करने के लिए स्टेशन परिसर और सर्कुलेटिंग क्षेत्रों में जन जागरूकता अभियान भी शुरू किया गया है क्योंकि अनियंत्रित कूड़े से आग भी लग सकती है। जनवरी 2025 के दौरान, सियालदह डिवीजन ने 1285 लोगों को कूड़ा फैलाने का दोषी पाया है। उन सभी को दंडित किया गया है और अपराधियों से स्पॉट फाइन के रूप में कुल 1,43,200/- रुपये की राशि वसूल की गई है। डीआरएम सयालदह दीपक निगम ने कहा है कि हम अपने वास्तविक रेल उपयोगकर्ताओं को स्वच्छ और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्वच्छ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और आम लोगों को जागरूक करने के लिए कूड़ा-कचरा विरोधी अभियान एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है।

# कक्षा में छात्र से 'शादी' करती महिला प्रोफेसर का वीडियो वायरल, विश्वविद्यालय ने जांच के आदेश दिए

❑ **छुट्टी पर भेजी गई महिला प्रोफेसर, क्लास रूम प्रोजेक्ट का बताया हिस्सा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के हरिणघाटा स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (मकाउट) के मनोविज्ञान के क्लास रूम में एक महिला प्रोफेसर को दुल्हन की तरह सजे हुए देखा गया और दूल्हा प्रथम वर्ष का छात्र था। अन्य छात्रों ने प्रोफेसर और छात्र को एक-दूसरे के गले में फूलों की माला पहनाने का दृश्य अपने मोबाइल फोन पर कैद किया। प्रथम वर्ष के छात्र ने प्रोफेसर की मांग में सिंदूर भी भरा। यह तस्वीरें व वीडियो प्रसारित होने के बाद से हंगामा मचा हुआ है। इस बात पर खूब चर्चा हो रही है कि यह शादी वास्तविक है या दिखावा? इस बीच, विश्वविद्यालय प्रशासन ने उस प्रोफेसर सह विभागाध्यक्ष को छुट्टी पर भेज दिया है, जिनकी शादी वाली यह तस्वीरें वायरल हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जिस फोटो और वीडियो को लेकर हंगामा मचा है, वह अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरिणघाटा परिसर में 'एप्लाइड साइकोलॉजी' विभाग के प्रमुख और प्रथम वर्ष के छात्र का है। मंगलवार को विभागाध्यक्ष लाल बनारसी साड़ी पहन कर विश्वविद्यालय आई थीं। उनके हाथों में रजनीगंधा और गुलाब के फूलों की माला थी। प्रथम वर्ष की एक छात्र ने क्लास रूम में ही 'मैडम' की मांग में सिंदूर भरा और एक-दूसरे के गले में माला पहनाई। इस दौरान, छात्र के कंधे पर एक शॉल थी, जिसकी एक डोर प्रोफेसर की साड़ी के पल्लू से बंधी था, जैसा अमूमन शादी व शुभ कार्यों के दौरान पति-पत्नी का गठबंधन होता है। इस घटना को कक्षा के अन्य छात्र-छात्राओं ने भी देखा। उनमें से कुछ ने तस्वीरें लीं, कुछ ने वीडियो बनाए, जो कुछ ही क्षणों में वायरल हो गए। इसके बाद बहस शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि वीडियो देखने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभागाध्यक्ष सह प्रोफेसर को आनन-फानन में छुट्टी पर भेज दिया है। वहीं, प्रथम वर्ष का उक्त छात्र भी लापता है। उसके सहपाठी घटना को लेकर अवाक है। विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति तापस चक्रवर्ती ने कहा कि विभागाध्यक्ष के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। उनसे कक्षा में अपने व्यवहार के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने मौखिक रूप से कहा कि उसने कक्षा में एक प्रोजेक्ट के लिए अभिनय किया था। हालांकि, विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यदि एक-दूसरे के गले में माला पहनाना और मांग में सिंदूर लगाना पढ़ाई के किसी प्रोजेक्ट का हिस्सा था और पूरा मामला एक नाटक है, तो फिर विभागाध्यक्ष को छुट्टी पर क्यों भेजा गया।

## आरजीकर मामले में पीड़िता के माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट से वापस लिया केस

**नई दिल्ली/कोलकाता :** आरजीकर अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में पीड़िता के माता-पिता की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी, लेकिन जब मामला सुनवाई के लिए लिस्ट हुई तो केस ही वापस ले लिया गया। पीड़ित पक्ष की ओर से कोर्ट में याचिका दायर कर मामले की दोबारा से जांच करने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत ने बुधवार को सुनवाई के दौरान पीड़िता के माता-पिता की ओर से कोर्ट में पेश वकील से पूछा कि क्या अदालत इस मामले में आगे की कार्यवाही करनी चाहिए या नहीं, क्योंकि एक याचिका कलकत्ता हाईकोर्ट में भी दाखिल की गई। इस दौरान, कोर्ट ने पीड़ित पक्ष के वकील को सख्त चेतावनी भी दे डाली। बता दें कि आरजीकर मामले में दायर याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए लिस्ट हुई थी। इस दिन, याचिका पर आगे की सुनवाई करने से पहले कोर्ट ने पीड़िता के माता-पिता की ओर पेश वकील से महत्वपूर्ण सवाल पूछा। कोर्ट ने पूछा कि कलकत्ता हाईकोर्ट में भी इस बाबत एक याचिका दायर की गई है, ऐसे में क्या इस मामले में आगे की कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए? इसके साथ ही कोर्ट ने पीड़िता के माता-पिता के वकील को सख्त चेतावनी भी दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हलफनामें में दी गई बातों को लेकर सावधान रहें। कोर्ट ने आगे कहा कि इस मामले में पहले से ही कनविक्शन ऑर्डर (दोषी संजय राय के खिलाफ) है। इसके बाद, पीड़िता के माता-पिता की ओर से दाखिल अर्जी वापस ले ली गई। हालांकि, उन्हें यह छूट दी गई कि वे नए सिरे से यचिका दाखिल करने के लिए स्वतंत्र है।

## फर्जी सिम कार्ड बचने वाले रैकेट का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

❑ **दूसरे के आधार व पहचान पत्र का गलत इस्तेमाल कर सिम कार्ड का चल रहा था गोरखधंधा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिधान-नगर पुलिस ने एक ऐसे फर्जी सिम कार्ड रैकेट का राजफाश करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जो दूसरे लोगों के आधार कार्ड पर सिम जारी कराकर उसे अपने लिए एक्टिवेट किया करता था। यह कार्रवाई साइबर धोखाधड़ी की एक लिखित शिकायत के आधार पर की गई, जिसके बाद साइबर क्राइम थाना ने जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि कोलकाता और बिधाननगर में एक गिरोह सक्रिय है, जो फर्जी सिम कार्ड जारी कर रहा है। गिरफ्तार किए गए लोग टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स के फ्रीलांसर और टीम लीडर थे। वे किसी स्थाई दुकान से सिम कार्ड जारी नहीं करते थे, बल्कि अलग-अलग इलाकों में सक्रिय होकर ग्राहकों को निशाना बनाते थे। ग्राहक जब नया सिम कार्ड लेने आते, तो ये गैंग उनके आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्रों की जानकारी लेते थे। इसके बाद, वे ग्राहकों से कहते कि तकनीकी दिक्कत के कारण उनका सिम एक्टिवेट नहीं हो सका। ग्राहक के जाने के बाद, वे उसी ग्राहक की पहचान का इस्तेमाल कर खुद सिम एक्टिवेट कर लेते। इस तरह भोले-भाले लोगों की पहचान का गलत इस्तेमाल कर फर्जी सिम कार्ड बेचे जा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे मामले की जांच कर यह पता लगाया जा रहा है कि इन लोगों ने आम लोगों के आधार व अन्य पहचान दस्तावेज का इस्तेमाल कर एक्टिवेट किए सिम कार्ड किन लोगों को आपूर्ति किया है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन फर्जी सिम कार्डों का इस्तेमाल साइबर क्राइम या अन्य अपराधों में तो नहीं हुआ।

# राज्यभर में पुलिस की छापेमारी में 87 हथियार बरामद, 64 अपराधी गिरफ्तार

❑ **हालिया घटनाओं के बाद अवैध हथियारों के कारोबार पर कड़ी नजर रख रही पुलिस**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में बीते दो सप्ताह के भीतर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के तीन नेताओं को गोली मारे जाने की घटना के बाद राज्य पुलिस ने अवैध हथियारों व अपराधियों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। मंगलवार को पूरे राज्यभर में चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने 87 आग्नेयास्त्र और 153 राउंड कारतूस जब्त किए और इस सिलसिले में 64 आरोपितों को विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार किया। इसके अलावा, एहतियाती उपाय के तौर पर 2,434 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने मंगलवार को राज्यव्यापी अभियान में 867 लोगों के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट भी जारी किए। पुलिस अब इस बात पर कड़ी नजर रख रही है कि राज्य में कहीं भी अवैध हथियारों का कारोबार तो नहीं चल रहा है। बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही कोलकाता पुलिस ने बिहार के मधुबनी जिले में स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया था। इसके बाद, दो दिन पहले सोमवार को कोलकाता पुलिस के एसटीएफ ने सियालदह स्टेशन के निकट से उत्तर प्रदेश के पांच युवकों हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। हाल ही में, मुर्शिदाबाद और बीरभूम जिले से लेकर कई और इलाकों में छापेमारी के दौरान कई आग्नेयास्त्र और गोलियां बरामद हो चुकी हैं। ऐसे में राज्य पुलिस ने अब अवैध हथियारों के कारोबार और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी तेज कर दी है।

## कोर्ट ने चार आतंकियों के खिलाफ जारी किया प्रोडक्शन वारंट



**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद की बहरामपुर अदालत ने आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के चार सदस्यों के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया है, जिन्हें असम पुलिस ने पिछले महीने गिरफ्तार किया था। चारों लोगों को छह फरवरी तक अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, राज्य पुलिस एसटीएफ की ओर से चारों की हिरासत की मांग करते हुए आवेदन दिया गया था। एसटीएफ उनसे पूछताछ करना चाहती है। चारों आतंकियों को छह फरवरी तक अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया है। इनमें दो इसी राज्य से हैं। उनके नाम मिनारुल शेख और अब्बास अली हैं। दोनों को मुर्शिदाबाद के हरिहरपाड़ा से गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही एबीटी के असम माड्यूल प्रमुख नूर इस्लाम मंडल और शब शेख उर्फ शाद राडी को गिरफ्तार किया गया। सभी गुवाहाटी जेल में बंद हैं। एसटीएफ के एक जांचकर्ता ने बताया कि नूर और शाब के आदेश पर इस राज्य में रहने वाले आतंकी संगठन के लिए धन जुटाने और इसे फैलाने का काम कर रहे थे।

## संदेशखाली सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस जांच से हाईकोर्ट असंतुष्ट, एसआईटी गठन का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया है। पुलिस मुख्यालय के होमिसाइड शाखा के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) बीरेश्वर चटर्जी इस पद पर आसीन होंगे। अदालत ने कहा कि जिले के बादुरिया के एसडीपीओ राहुल मिश्रा भी इस सीट के सदस्य होंगे। मामले की सुनवाई बुधवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की अदालत में हुई। न्यायाधीश ने कहा कि जांच तुरंत शुरू की जानी चाहिए। एसआईटी को हर महीने बशीरहाट उपजिला अदालत को जांच की प्रगति पर रिपोर्ट पेश करनी होगी। उल्लेखनीय है कि मई, 2024 में कई महिलाओं ने संदेशखाली के तृणमूल नेता शाहजहां शेख के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी।

# महानगर में फिर हेलमेट गैंग सक्रिय, पार्क स्ट्रीट में प्रोडक्शन कंपनी से नकदी से भरा बैग लूटा

**कोलकाता, समाज्ञा**



महानगर में एक बार फिर हेलमेट गैंग का आतंक देखने को मिला। ताजा घटना में मंगलवार की रात पार्क स्ट्रीट इलाके में स्थित एक प्रोडक्शन हाउस में घुसकर दो बदमाशों ने नकदी से भरा बैग लूट लिया। बताया जा रहा है कि दोनों बदमाशों ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी। इस लूट की घटना के पीछे जबरन वसूली का शक भी जताया जा रहा है। बुधवार की सुबह पुलिस ने बताया कि घटना रात करीब 9.30 बजे की है, जब पार्क स्ट्रीट से सटे रफीक किदवई रोड स्थित प्रोडक्शन हाउस के ऑफिस में अचानक दो लोग घुसे। उनके चेहरे हेलमेट से ढके हुए थे। आरोप है कि वे सीधे एक कमरे में गए और वहां रखा नकदी से भरा बैग उठाकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, एक आरोपित भागते हुए पार्क स्ट्रीट की ओर गया, जबकि दूसरा न्यू मार्केट की ओर भागा। लोगों ने पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वे पकड़ में नहीं आए। प्रोडक्शन हाउस ने इस संबंध में पार्क स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, लूटे गए पैसों की सटीक राशि को लेकर अभी असमंजस बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, बैग में तीन लाख रुपये थे, जबकि कुछ का दावा है कि उसमें सात लाख रुपये थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और इसे लूट के अलावा जबरन वसूली का मामला भी मानकर जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। मामले में आगे की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में कोलकाता में हेलमेट गैंग की सक्रियता बढ़ी है। इससे पहले पार्क सर्कस और राजाबाजार इलाके में भी बाइक सवार बदमाशों द्वारा नकदी भरे बैग लूटने की घटनाएं हो चुकी हैं।

## भारत- बांग्लादेश सीमा पर तस्करी के बंकर मिलने के मामले में कई और तस्करों का नाम सामने आया

❑ **लाल सहित कुछ अन्य तस्कर लंबे समय से बीएसएफ व पुलिस की नजर में**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में भारत- बांग्लादेश सीमा के पास कृष्णगंज थाना इलाके में तस्करी के लिए बनाए गए प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप के भंडारण वाले चार बंकर मिलने के बाद इससे जुड़े प्रमुख तस्कर सुशांत घोष उर्फ लाल के बाद कई और तस्करों का नाम सामने आया है। साथ ही, यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या सीमा पर और भी बंकर हैं? क्योंकि, कृष्णगंज में कफ सिरप की तस्करी का आरोपित लाल अकेला नहीं है, बल्कि कुछ अन्य नाम भी लंबे समय से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) व पुलिस की नजर में हैं। कृष्णगंज में बांग्लादेश सीमा से लगे लगभग साढ़े तीन किलोमीटर क्षेत्र में कोई कंटीली बाड़ नहीं है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि ये सभी क्षेत्र तस्करी के लिए मुक्त क्षेत्र हैं। हालांकि, जिन क्षेत्रों में सीमा पर कांटेदार तार के बाड़ लगे हैं, उसके ऊपर से भी कफ सिरप की बोतलें फेंककर तस्करी की लगातार कोशिशें होती रही है। उल्लेखनीय है कि बीएसएफ ने गत शुक्रवार को भारत-बांग्लादेश सीमा के पास कृष्णगंज इलाके के नागहटा गांव में तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे चार गुप्त बंकरों का राजफाश किया था। इनमें से तीन लोहे की निर्मित और एक ईंट से निर्माणाधीन था। छापेमारी में लोहे के तीनों बंकरों से 1.40 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 62,200 बोतलें प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की बड़ी खेप बरामद हुई थी। फेंसेडिल को सीमा पार कराकर बांग्लादेश में तस्करी की जानी थी। तस्कर इन बंकरों का इस्तेमाल तस्करी के लिए करते थे।

## बंगाल नौसेना एनसीसी इकाई ने गणतंत्र दिवस शिविर में तीसरा स्थान किया हासिल



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में एनसीसी की नौसेना इकाई ने नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर में सबसे उद्यमी नौसेना एन-सीसी इकाई प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। नौसेना एनसीसी इकाई के एक अधिकारी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में नौसेना एनसीसी प्रशिक्षण और प्रदर्शन के व्यावहारिक पहलू शामिल हैं, जो व्हेलर सेलिंग अभियान (नौकायन) और व्हेलर बोट पुलिंग के संचालन पर केंद्रित है। अभियान के संचालन और वर्ष 2024-25 के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी गृह निद-ेशालय द्वारा 2 बंगाल नौसेना इकाई एनसीसी को दी गई थी। अधिकारी ने बताया कि यह सम्मान यूनिट की कठोर प्रशिक्षण और सर्वांगीण कैडेटों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पश्चिम बंगाल और सिक्किम निदेशालय की ओर से कमांडर नासिर अहमद अजीज की कमान में 2 बंगाल नौसेना इकाई एनसीसी को पिछले साल कानपुर से कोलकाता तक पहली बार केंद्रीय रूप से संचालित विशेष नौकायन अभियान के सबसे लंबे चरण का संचालन करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी, जो गणतंत्र दिवस समारोह 2025 का अभिन्न अंग था। इसके अलावा, इकाई से कुल 15 कैडेटों को इस बार गणतंत्र दिवस शिविर में चुना गया था, जो निद-ेशालय की टुकड़ी के लिए एक बटालियन से सबसे अधिक भागीद-ारी है और असाधारण प्रदर्शन किया। एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निद-ेशालय के एडीजी मेजर जनरल विवेक त्यागी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए 2 नौसेना इकाई के कैडेटों, प्रशिक्षकों और कर्मचारियों की सराहना की।

## तेज रफ्तार कार ने वृद्ध को रौंदा, मौत




**हुगली :** राज्य सरकार के सेफ ड्राइव सेव लाइफ कार्यक्रम को चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के तरफ से लगातार चलाया जा रहा है। फिर भी तेज रफ्तार के वजह से सड़क हादसे होते रहते हैं। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के तहत तीन मुहानी मंदिर मोड़ पर एक साइकिल चालक वृद्ध को एक तेज रफ़्तार कार ने रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। यह समस्त घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बताया जा रहा है एक वृद्ध चंदननगर से मानकुंडू ट्रेन पकड़ने के लिए साइकिल चलाकर जा रहे थे तभी यह दर्दनाक हादसा हुआ। ट्रेन पकड़ने जाते समय रास्ते में चार पहियों वाली एक कार ने उनकी साइकिल समेत कुचल दिया। यह तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई। यह कार किसकी है? पुलिस इसकी जांच कर रही है। स्थानीय व पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान चंदननगर नगर निगम के वार्ड नंबर 23 स्थित माखनलाल सरणी निवासी मधुसूदन बंग (74) के तौर पर हुई। वह कोलकाता में अपने एक रिश्तेदार के घर जाने के लिए घर से निकले थे। स्थानीय लोगों ने लहूलुहान हालत में उन्हें चंदननगर महकमा अस्पताल पहुंचाया वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चंदननगर थाना की पुलिस इलाके से सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपी वाहन और चालक की तलाश कर रही है। बुजुर्ग के परिवार की ओर से पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चुंचुडा सदर इमामबाड़ा अस्पताल भेज दिया है।

# लिलुआ रेलवे वर्कशॉप अस्पताल में फेको इमल्सीफायर मशीन का उद्घाटन



**हावड़ा, समाज्ञा :** रेलवे लाभार्थियों के लिए नेत्र देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में, लिलुआ रेलवे वर्कशॉप अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर (ओ.टी.) कॉम्प्लेक्स में 28 जनवरी को एक नई फेको इमल्सीफायर मशीन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन का नेतृत्व पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. ए. कीर्तनिया ने लिलुआ मुख्य निर्माण प्रबंधक यतीश कुमार और लिलुआ रेलवे वर्कशॉप अस्पताल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देबजानी दास की उपस्थिति में किया। उद्घाटन के अवसर पर समर्पित डॉक्टरों और अस्पताल कर्मचारियों की उपस्थिति ने रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को उन्नत चिकित्सा देखभाल प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इसके अलावा, 25 जनवरी को लिलुआ रेलवे अस्पताल के ओपीडी कॉम्प्लेक्स में एक डायबिटिक रेटिनोपैथी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया था। यह पहल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/लिलुआ रेलवे वर्कशॉप अस्पताल और बी.आर. सिंह के नेत्र विज्ञान विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इसका उद्देश्य रेलवे लाभार्थियों के बीच मधुमेह नेत्र रोगों का शीघ्र पता लगाना और रोकथाम करना था। शिविर का नेतृत्व डॉ. एस. होम (सीएस-1, बी.आर. सिंह अस्पताल), डॉ. अर्नब मित्रा (वरिष्ठ सलाहकार, नेत्र, बी.आर. सिंह अस्पताल), और डॉ. अन्वेषा दास (सीएमपी, नेत्र, लिलुआ) ने अपनी चिकित्सा टाम के साथ किया। डायबिटिक रेटिनोपैथी और डायबिटिक मैकुलोपैथी के लिए कुल 93 मरीजों की जांच की गई। फ़ंडस कैमरे का उपयोग करके व्यापक रक्त परीक्षण, दृष्टि जांच और रेटिना फोटोग्राफी आयोजित की गई। सभी रोगियों के लिए रैंडम ब्लड ग्लूकोज (आरबीजी) और एचबीए1 सी परीक्षणों सहित रक्त परीक्षण भी किए गए। लिलुआ अस्पताल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने निर्बाध समन्वय और रोगी देखभाल सुनिश्चित करते हुए पूरे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। बड़ी संख्या में रेलवे लाभार्थियों ने इस स्क्रीनिंग शिविर का लाभ उठाया, जिससे अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की पूर्वी रेलवे की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई।

## बीमार होने के कारण सुजयकृष्ण की आवाज का नमूना नहीं ले सकी सीबीआई

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई बुधवार को बीमार होने के कारण शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपित सुजयकृष्ण भद्र की आवाज का नमूना नहीं ले सकी। इस दिन सुजय को अदालत में पेश होना था। उसकी मेडिकल रिपोर्ट प्रेसिडेंसी जेल से अदालत को भेज दी गई है। बीमारी के कारण सुजय को अदालत में शारीरिक रूप से पेश नहीं किया जा सका। सुजय को पहले शारीरिक अस्वस्थता के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 20 जनवरी को जेल से रिहा होने के बाद वह वापस जेल लौट आया। लेकिन वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है। लिहाजा उसे फिर जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुजय भर्ती भ्रष्टाचार मामले में लंबे समय से जेल में है। इससे पहले ईडी ने उसकी आवाज का नमूना लिया था। सीबीआई ने नमूना एकत्र करने के लिए एक आवेदन के साथ अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

## न्यू अलीपुर में ऑटो रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त, चार लोग घायल

**कोलकाता :** न्यू अलीपुर थाना क्षेत्र के सहापुर रोड के पास जे. के. पॉल रोड क्रॉसिंग पर मंगलवार की दोपहर लगभग 12:05 बजे एक ऑटो रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें ऑटो चालक सहित चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना में शामिल ऑटो रिक्शा न्यू अलीपुर से तारातला रूट पर था। बताया जा रहा है कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे लैंप पोस्ट से टकरा गया और पलट गया। घायलों की पहचान ऑटो चालक : सुब्रत दास (55 वर्ष), ऑटो सवार यात्री : रंजीत दास (57 वर्ष), कौशिक बनर्जी (53 वर्ष), सुजय चक्रवर्ती (65 वर्ष) के रूप में की गयी है। घायलों को तुरंत बी.पी. पोद्दार अस्पताल ले जाया गया, जहां रंजीत दास को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि सुजय चक्रवर्ती को भर्ती कर लिया गया। अन्य घायलों का भी उपचार किया गया। न्यू अलीपुर थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो रिक्शा को जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## तृतीय वार्षिक संदेह समाधान सत्र का हुआ समापन

**हुगली, समाज्ञा**



जिले के श्रीरामपुर नगरपालिका के टाउन हॉल में आगामी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक के 2025 परीक्षार्थियों के लिए दो दिवसीय माध्यमिक-उच्चतर माध्यमिक शंका समाधान सत्र, नि:शुल्क प्रश्नावली एवं सुझाव का आयोजन किया गया। यह सत्र शिक्षा विभाग द्वारा श्रीरामपुर नगरपालिका के सौजन्य से आयोजित किया गया था। मंगलवार को माध्यमिक परीक्षार्थियों के लिए आयोजित इस सत्र में 250 माध्यमिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। बुधवार को कला (इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान) एवं विज्ञान (भौतिकी, रासायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित) के उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थियों के लिए आयोजित शंका समाधान सत्र में 150 विद्यार्थी शामिल हुए। श्रीरामपुर नगरपालिका की सीआईसी तियाशा मुखर्जी ने कहा कि शंका समाधान सत्र विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर पाने एवं विषयों से उत्पन्न भ्रम को दूर करने के लिए आयोजित इंटरैक्टिव सत्र हैं, इन सत्रों में छात्रों को विषयों की गहरी समझ मिलती है। छात्रों में आत्मविश्लेषण और आल-ोचनात्मक सोच विकसित होती है। इन सत्रों से छात्र-शिक्षक संबंध बेहतर होते हैं। इस कार्यक्रम में श्रीरामपुर नगर पालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा, सीआईसी गौर मोहन दे , सीआईसी संतोष सिंह, पार्षद और विभिन्न विषयों के शिक्षक मौजूद थे।

## कोलकाता नगर निगम आईआईटी खड़गपुर की मदद से गंदे पानी को करेगी शुद्ध, पम्पिंग स्टेशन भी किए जाएंगे स्थापित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) गंदे पानी को शुद्ध करके विभिन्न प्रयोजनों में उसके उपयोग करने की पहल की है। और इस कार्य में आईआईटी खड़गपुर का मदद लिया जा रहा है। गंदे पानी को उपयोग योग्य बनाने के लिए पम्पिंग स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे ताकि इसका अन्य प्रयोजनों में उपयोग किया जा सके। बुधवार को मेयर परिषद तारक सिंह ने कहा कि इस संबंध में आईआईटी खड़गपुर के साथ समझौता किया जाएगा और पेटेंट प्राप्त किया जाएगा ताकि कोई अन्य इस आविष्कार का उपयोग न कर सके। आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञ शीर्षेन्दु दे ने कहा कि इसका लक्ष्य पीने योग्य न रह गए पानी को शुद्ध करके उसे उपयोग योग्य बनाना है। उन्होंने कहा कि बाद में इस पानी की कीमत लगभग 6 से 12 रुपये प्रति लीटर हो सकती है। इस गंदे पानी को मॉड्यूलर प्लांट के जरिए शुद्ध किया जाएगा। तारक सिंह ने आगे कहा कि फिलहाल, अपशिष्ट जल में बैक्टीरिया की मात्रा अधिक होती है, लेकिन बरसात के मौसम में इस पानी में बैक्टीरिया की मात्रा कम हो जाती है। इसलिए इस कार्य के लिए पेटेंट लेने पर विचार किया जा रहा है। तारक ने कहा कि इस काम के लिए नया बुनियादी ढांचा बनाया जाएगा और उसके बाद ही लागत का पता चलेगा। गंदे पानी को जमीन से उठाकर कृत्रिम जलाशय में संग्रहित किया जाएगा। बाद में, इसे मशीन द्वारा शुद्ध किया जाएगा और प्लांट से पाइपलाइन के माध्यम से विभिन्न प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जाएगा। बता दें कि नगर निगम ने दो साल पहले इस मामले को लेकर आईआईटी खड़गपुर से संपर्क किया था। इस बात पर चर्चा हुई कि प्रदूषित जल को कैसे साफ किया जाए। उस समय नगर निगम के अधिकारी भी परीक्षण के लिए 50 लीटर सीवेज का पानी लेकर आईआईटी खड़गपुर गए थे।

## मां को शिक्षा देने के लिए बेटे की हत्या, चुंचुड़ा अदालत ने प्रेमी को सुनाया आजीवन कारावास की सजा



**हुगली, समाज्ञा :** बिस्कुट खरीदाने का लालच देकर प्रेमिका के बेटे की हत्या के दोषी को बुधवार को चुंचुड़ा अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बता दें कि गत सोमवार को चुंचुड़ा न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश संजय शर्मा ने आरोपी को दोषी करार दिया था। अदालती सूत्रों के अनुसार, मृत नाबालिग का नाम सौमजीत दास है। उसके माता-पिता का तलाक हो गया था। इसके बाद, मृतक की मां का बांडेल के लिचुबागान इलाके के निवासी रेफ्रिजरेटर मैकेनिक अरविंद तांती के साथ प्रेम संबंध विकसित हो गया। इसके बाद, दोनों बांडेल लालबाबा आश्रम में एक साथ किराये पर रहना शुरू किया। कुछ दिनों के बाद उनके बीच अशांति शुरू हो गई। 31 दिसंबर, 2016 को महिला लालबाबा आश्रम स्थित किराए के मकान को छोड़कर अपने बेटे के साथ हुगली के कृष्णापुर नंबर 3 में अपनी मां के घर चली गई। आरोपी ने वहां जाकर अशांति फैलाई। इसके बाद, 6 जनवरी, 2017 की शाम को सौमजीत लापता हो गया। अगले दिन, किशोर का शव हुगली स्टेशन के पास रेलवे पटरियों के पास एक मंदिर के पास पाया गया। इसके बाद, अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। 28 फरवरी को आरोपपत्र दाखिल किया गया। पिछले सोमवार को चुंचुड़ा न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश संजय शर्मा ने आरोपी को दोषी करार दिया। इस दिन, न्यायाधीश ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 10,000 रुपये का जुर्माना तथा चूक करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास, धारा 201 के तहत कारावास, 2,000 रुपये का जुर्माना तथा चूक करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास का आदेश दिया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड सरकार ने शिक्षकों, छात्रों, संस्थानों के लिए पुरस्कारों की घोषणा की

**रांची :** झारखंड सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों और संस्थानों के लिए बुधवार को पुरस्कारों की घोषणा की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य मंत्रिमंडल ने झारखंड राज्य उच्च शिक्षा पुरस्कार को मंजूरी दी। संयुक्त कैबिनेट सचिव राजीव रंजन ने कहा, ''उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों और संस्थानों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार की नौ श्रेणियां होंगी, जैसे झारखंड राज्य शोध रत्न।'' आदिवासी और गैर-आदिवासी भाषाओं के अलावा अर्थशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, प्रायोगिक विज्ञान और आधारभूत विज्ञान में छात्रों को झारखंड राज्य शोध रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। श्रेणी में पहला पुरस्कार दो लाख रुपये, दूसरा पुरस्कार डेढ़ लाख रुपये और तीसरा पुरस्कार एक लाख रुपये होगा। बैठक में मंत्रिमंडल ने कुल छह प्रस्तावों को मंजूरी दी।

### बिहार: पारिवारिक विवाद को लेकर पोते ने दादा को मारी गोली

**मुजफ्फरपुर :** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में पारिवारिक विवाद को लेकर एक पोते ने अपने दादा को गोली मार दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की उम्र करीब 70 वर्ष है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) नगर दो विनीता सिन्हा ने बताया कि अहियापुर थानाक्षेत्र के शहबाजपुर गांव में हुई इस घटना के पीछे कारण पारिवारिक विवाद है। उन्होंने बताया कि करीब 25 वर्षीय आर-ोपी को चिह्नित कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल शत्रुघ्न प्रसाद सिंह उर्फ टूटू सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

# मौनी अमावस्या पर अयोध्या में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी और एक अनुमान के मुताबिक पिछले 72 घंटे में 50 लाख से भी अधिक श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। देर शाम तक अयोध्या श्रद्धालुओं से पटी नजर आई और श्रद्धालु राम मंदिर व हनुमानगढ़ी के बाहर देर रात तक कतार में खड़े दिखाई दिये। एक बयान के मुताबिक, पिछले 72 घंटे में 50 लाख से भी अधिक श्रद्धालु राम नगरी पहुंच हैं और यह क्रम वसंत पंचमी तक जारी रहेगा। मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू नदी के घाटों पर डुबकी लगाई। अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सेहत का ख्याल रखने के लिए विशेष इंतजाम किये गए हैं और अयोध्या धाम में पहुंची भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में सभी तरह के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने वसंत पंचमी तक के लिए सभी चिकित्सकों की छुट्टियां रद कर 24 घंटे आकस्मिक सेवाओं को चालू रखने का निर्देश दिया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि 13 जगहों पर अस्थायी स्वास्थ्य शिविर का संचालन 26 फरवरी तक जारी रहेगा। वहीं पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि भीड़ को देखते हुए यातायात परिवर्तन किया गया है और राजमार्ग पर बड़े वाहनों को रोक दिया गया है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने का इंतजाम किया गया है।



### उत्तर प्रदेश: आंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर हिंसक झड़प में 171 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज

**अलीगढ़ :** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में एक दिन पहले डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर हुई हिंसक झड़प के बाद पुलिस ने बुधवार को 171 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भीमपुर गांव में मंगलवार शाम को हुई इस घटना के बाद बुधवार को किसी प्रकार की अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली और गांव में शांति बनी रही। उन्होंने बताया कि भीमपुर गांव में एक जमीन पर अपना दावा करने वाले दो समूहों में उस समय झड़प हो गई, जब एक पक्ष ने आंबेडकर की मूर्ति लगानी चाही। अधिकारी ने बताया कि विवाद हिंसक झड़प में बदल गया और घटना मे दो पुलिसकर्मियों समेत कुछ लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, इस घटना में चार दोपहिया वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया।

## महाकुंभ में भगदड़ में जान गंवाने वालों में झारखंड की महिला भी शामिल

**मेदिनीनगर (झारखंड) :** प्रयागराज के महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में जान गंवाने वालों में झारखंड के पलामू जिले की एक बुजुर्ग महिला भी शामिल है। महिला के बेटे ने यहां यह जानकारी दी। मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ के संगम क्षेत्र में मंगलवार देर रात स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने से मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई जबकि 60 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजहरा गांव की गायत्री देवी (62) अपने पति अमरेश पांडे, बेटी और अन्य रिश्तेदारों के साथ महाकुंभ गई थीं। उनके बेटे अनुज पांडे ने बताया कि परिवार के अन्य सदस्य किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे, लेकिन गायत्री देवी की मौत हो गई। अनुज पांडे ने बताया कि उनके छोटे भाई आशीष सेना में हैं और प्रयागराज में तैनात हैं, उन्होंने मां के शव को गांव जल्दी पहुंचाने में मदद की। उन्होंने कहा, '' आशीष अब मां के पार्थिव शरीर के साथ राजहरा वापस आ रहे हैं। मेरे पिता, बहन और अन्य रिश्तेदार सुरक्षित हैं।'' परिवार के सदस्यों ने बताया कि सुबह करीब तीन बजे स्नान के लिए संगम पर श्रद्धालुओं की भीड़ अचानक उमड़ पड़ी थी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भगदड़ में अपने परिजनों को खोने वाले तीर्थयात्रियों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, '' मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त तीर्थयात्रियों के परिवारों के साथ हैं। मैं इस घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।''

## प्रयागराज जाने वाले कई वाहन मप्र-उप्र सीमा पर फंसे



**भोपाल :** महाकुंभ के लिए हजारों श्रद्धालुओं को ले जा रहे कई वाहन बुधवार को प्रयागराज में भारी भीड़ के कारण मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर ही फंस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मध्य प्रदेश के रीवा जिले में फंसे श्रद्धालुओं के लिए भोजन और आवास का इंतजाम कर दिया गया है। रीवा शहर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से 130 किमी दूर स्थित है। यादव ने कहा कि बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान करने के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि त्योहार के मद्देनजर रीवा जिले में मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश सीमा पर श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रयागराज में भारी भीड़ के कारण हजारों श्रद्धालुओं के वाहन आज रीवा जिले के चाकघाट थाना क्षेत्र की सीमा पर फंस गये हैं।'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और श्रद्धालुओं के लिए भोजन और आवास की उचित व्यवस्था का ध्यान रख रहे हैं।

## मेला ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक की तबियत बिगड़ने से मौत

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले में ड्यूटी पर तैनात पुलिस के एक उपनिरीक्षक की बुधवार दोपहर संगम तट पर तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उपनिरीक्षक अंजनि कुमार राय की नियुक्ति बहराइच जिल में थी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने संवाददाताओं को बताया , बुधवार को सूचना प्राप्त हुई कि प्रयागराज में महाकुंभ मेले में तैनात उपनिरीक्षक अंजनि राय की आज (बुधवार) दोपहर करीब 12.00 बजे ड्यूटी के दौरान तबियत बिगड़ने से मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना तत्काल उनके परिजनों को दी गयी और रायके परिजन मौके पर पहुंच गये। अधिकारी ने बताया कि संबंधित थाना स्तर से पंचायतनामा व पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जा रही है और जिला पुलिस प्रयागराज में पुलिस के सम्पर्क में है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद प्रसाद कुशवाहा ने बताया, 1976 में जन्मे अंजनि कुमार राय की उम्र करीब 49 वर्ष थी। मूल रूप से वह गाजीपुर जिले के निवासी थे लेकिन वर्तमान समय में उनका परिवार गोरखपुर में रह रहा था। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि राय ने 1995 में आरक्षी के तौर पर पुलिस की नौकरी शुरू की थी और करीब 30 वर्ष के अपने सेवाकाल में वह आठ से नौ थानों के थाना प्रभारी रहे थे।

## भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और पार्टी के कार्यकर्ता देश में लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं तथा लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए समर्पण भाव से काम करते हैं। शर्मा बुधवार को यहां नरसिंहपुरा में पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में आंतरिक लोकतंत्र की परम्परा का निर्वहन निरंतर रूप से जारी है और इसी दिशा में संगठन के चुनाव संपादित किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और डॉ. भीमराव आंबेडकर के समाज के अंतिम व्यक्ति के उदय के संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास की भावना के साथ कार्यकर्ताओं एवं आमजन के सुझावों के आधार पर जुलाई में बजट घोषणाएं की। शर्मा ने कहा कि राज्य में पहली बार 99 प्रतिशत बजट घोषणाओं में जमीन आवंटन एवं 90 प्रतिशत घोषणाओं की वित्तीय स्वीकृति छह महीने में ही पूरी कर ली गई। एक बयान के अनुसार, शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार किसानों, महिलाओं व युवाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है।

### हरियाणा: महाकुम्भ हादसे के बाद सोनीपत होकर प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेनें रद्द

**सोनीपत :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुम्भ मेले के दौरान मची भगदड़ की घटना सामने आने के बाद हरियाणा के सोनीपत होकर प्रयागराज जाने वाली दो एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ट्रेनें रद्द होने के कारण महाकुम्भ जाने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा और ऐसे में अब यात्रियों को अन्य ट्रेन पकड़ने के लिए दिल्ली जाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में हादसे के बाद कई ट्रेनों को पीछे के स्टेशनों पर ही रोक दिया गया हालांकि हालात काबू में आने के बाद परिचालन शुरू किया गया लेकिन सोनीपत होकर जाने वाली दो ट्रेनें रद्द कर दी गयीं। उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि महाकुम्भ में मची भगदड़ के बाद मौनी अमावस्या पर सोनीपत होकर जाने वाली गाड़ी संख्या 12312 नेताजी एक्सप्रेस और 18310 संबलपुर एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया।

### चिराग पासवान ने बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग की

**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पिछले महीने हुई बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा को रद्द करने की अभ्यर्थियों की मांग को बुधवार को समर्थन किया। चिराग ने कहा कि उन्हें परीक्षा में 'बड़े पैमाने पर अनियमितताओं' के बारे में अपने करीबी रिश्तेदारों से पता चला, जो परीक्षा में शामिल चार लाख अभ्यर्थियों में शामिल हैं। चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का हिस्सा है। हाजीपुर से सांसद चिराग से जब 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा पर उनके रुख के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरे परिवार के कई सदस्यों, मेरी भतीजी और एक भतीजे ने भी परीक्षा दी थी। मैंने उनसे चौंकाने वाली चूक के बारे में जाना है। पासवान ने कहा कि उन्हें बताया गया कि 'कई केंद्रों पर, प्रश्नपत्र पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं थे। इसलिए, इन्हें आधिकारिक तौर पर परीक्षा शुरू होने के बाद छापा गया। कुछ ही समय बाद, ये प्रश्नपत्र व्हाट्सएप और'एक्स' जैसे सोशल मीडिया मंचों पर सभी के लिए उपलब्ध हो गए।

# समीक्षा हेल्थ

## वजन घटाने से लेकर मुंह की दुर्गंध तक को दूर करता है पुदीना



गर्मी के मौसम में हर कोई चटनी खाना पसंद करता है। फिर चाहे वो धनिया की हो या पुदीना की। पुदीने की पत्तियां अपनी खूशबू के अलावा अपने स्वाद के लिए जानी जाती हैं। पुदीना का इस्तेमाल चाय, ड्रिंक, दही और कॉकटेल बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि पुदीने की पत्तियां सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं होती है बल्कि आपकी सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन ए, विटामिन सी, बी कॉम्प्लेक्स, आयरन, फाइबर जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो आपके स्वास्थ्य को दुरुस्त करने का काम करते हैं। आइए इसके इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### पाचन में करता है सुधार

अगर आप एसिडिटी और गैस जैसी पेट की समस्याओं से जूझ रहे हैं तो पुदीना का सेवन करना शुरू कर दीजिए। यह अपच और सूजन जैसी समस्याओं से तुरंत राहत देता है। आप पुदीने की चाय बनाकर पी सकते हैं। यह आपके इम्यून सिस्टम को बेहतर करेगा। पुदीना में एंटीस्पास्मोडिक गुण होते हैं, जो पेट के फूलने की समस्या को भी खत्म कर देता है।

### सांसों में लाए फ्रेशनेस

पुदीना खाने से बैड ब्रीथ की समस्या से भी छुटकारा मिल जाता है। इसके एंटी बैक्टीरियल गुण मुंह में होने वाले बैक्टीरिया को मारते हैं और मुंह की दुर्गंध को दूर करते हैं। यह सांसों में ताजगी ले आती है। आप पुदीना से बना माउथवॉश भी यूज कर सकते हैं।

### सर्दी-खांसी से मिले राहत

पुदीना का इस्तेमाल ठंड में ज्यादा किया जाता है। इस छाती में जमे कफ को बाहर आने में मदद करता है। इसकी पत्तियों को चाय में मिलाने से जुकाम में भी काफी आराम मिलता है। इसका भाप लेने से नाक बंद होने की समस्या से भी राहत मिलता है।

### वजन घटाने में करे मदद

पुदीना का इस्तेमाल वजन घटाने में भी किया जाता है। पुदीना के खाने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और यह तेजी से शरीर की कैलोरी को बर्न कर देता है। पुदीने का पानी पीने से तेजी से वजन घटता है।

## रात में खाते हैं दाल तो हो सकते हैं ये नुकसान

दाल पोषक तत्वों से भरपूर होती है, जिसका भारतीय भोजन में विशेष महत्व है। दाल में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स आदि पाए जाते हैं। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद मानी जाती है। हालांकि बेहतर स्वास्थ्य लाभ के लिए दाल का सेवन सही समय और मात्रा में करना चाहिए। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि दाल खाने का सही समय क्या है?

आइए जानते हैं दाल खाने के फायदे, दाल के सेवन का सही समय और गलत समय। किस वक्त कौन सी दाल का सेवन नहीं करना चाहिए।

### दाल खाने के फायदे

शाकाहारियों के लिए दाल सबसे अच्छा प्रोटीन स्रोत होता है। लो कैलोरी और हाई फाइबर के कारण दाल वजन घटाने में सहायक होती है। दाल में मौजूद पोटेशियम और मैग्नीशियम ब्लड प्रेशर को काबू में रखते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। दाल का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद होती है। दाल में कैल्शियम और फास्फोरस अच्छी मात्रा में होते हैं जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं।प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होने के कारण यह बालों और त्वचा के लिए लाभदायक हैं।

दालें एनर्जी बूस्टर का काम करती हैं। ये एनीमिया से बचाती हैं और शरीर को ऊर्जा देती हैं। लिवर और किडनी के लिए दाल फायदेमंद हैं। दाल का नियमित सेवन टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है।

### दाल खाने का सही समय

दाल कई गुणों से युक्त है लेकिन इसका सही समय पर सेवन शरीर को अत्यधिक लाभ पहुंचा सकता है। दोपहर के समय दाल खाना सबसे फायदेमंद माना जाता है। इस समय पाचन शक्ति मजबूत होती है, जिससे दाल आसानी से पच जाती है और शरीर को पूरा पोषण मिलता है। वहीं रात के समय हल्की दाल खानी चाहिए, क्योंकि भारी दालें पचने में मुश्किल होती हैं और गैस, एसिडिटी या पेट फूलने की समस्या पैदा कर सकती हैं।

### रात में दाल खाने के नुकसान

रात में कुछ दालें गैस और अपच की समस्या पैदा कर सकती हैं। साथ ही कुछ दालें शरीर में कफ बढ़ा सकती हैं, जिससे नींद में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा गलत दाल खाने से एसिडिटी और पेट फूलने की समस्या हो सकती है। इसलिए रात में कुछ दालों का सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिए।

### रात में कौन सी दाल नहीं खानी चाहिए?

**अरहर दाल–** यह भारी और देर से पचने वाली होती है, जिससे गैस और एसिडिटी हो सकती है। रात में अरहर यानी तूर दाल का सेवन से बचना चाहिए।

**मसूर दाल –** मसूर दाल से कफ बढ़ता है, जिससे रात में सोते समय खर्राटे और बलगम बनने की समस्या हो सकती है।

**काली उड़द दाल –** ये दाल मखनी वाली दाल है, जिसे रात में नहीं खाना चाहिए। यह सबसे भारी और पचने में कठिन होती है। जिससे पेट में भारीपन महसूस होता है।

### रात में कौन सी दाल खा सकते हैं?

अगर आप रात में दाल का सेवन करना चाहते हैं तो मूंग दाल, चने की दाल या मटर की दाल का सेवन कर सकते हैं। हालांकि रात के वक्त इन दालों का सेवन भी सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। मूंग दाल हल्की, जल्दी पचने वाली और पोषक तत्वों से भरपूर होती है। चना दाल का सेवन कम मात्रा में करने से कोई नुकसान नहीं होता है लेकिन अधिक मात्रा में खाने से बचना चाहिए। मटर दाल हल्की होती है और पेट के लिए फायदेमंद हो सकती है।

## शरीर को सिर्फ बाहर ही नहीं भीतर से साफ करना भी बहुत जरूरी



अपने शरीर को साफ और सुंदर बनाए रखने के हम सभी निरंतर कुछ न कुछ उपाय करते रहते हैं। पर क्या आपने कभी सोचा है कि शरीर को बाहरी रूप से साफ रखने के साथ-साथ इसकी भीतरी सफाई भी बहुत जरूरी है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो हमारे शरीर का मैकेनिज्म ऐसा है कि ये अपने अंगों की खुद से सफाई करते रहता है। हालांकि जिस तरह से हमारे खान-पान की गड़बड़ी बढ़ती जा रही है, इसके कारण शरीर में कई प्रकार के विषाक्त पदार्थ इकट्ठा हो सकते हैं। बॉडी डिटॉक्स यानी कि इसे भीतर से साफ रखना इसलिए महत्व-पूर्ण है क्योंकि यह शरीर को विषाक्त पदार्थों से छुटकारा पाने और आपको कई प्रकार की बीमारियों से बचाए रखने में मददगार हो सकता है। विषहरण की प्रक्रिया बीमारियों को रोकने, मानसिक स्पष्टता में सुधार करने और सूजन को कम करने में मददागर हो सकती है।

आप कुछ प्राकृतिक तरीकों को अपनाकर शरीर को अंदर से साफ रख सकते हैं।

### डिटॉक्सिफिकेशन जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डिटॉक्सिफिकेशन हमारे शरीर से टॉक्सिन्स (विषैले तत्वों) को बाहर निकालने की प्रक्रिया है। शरीर के विभिन्न अंग जैसे लिवर, किडनी और त्वचा स्वाभाविक रूप से डिटॉक्स का काम करते हैं लेकिन आजकल की जीवनशैली, प्रदूषण, अस्वस्थ खान-पान और तनाव के कारण शरीर को अतिरिक्त मदद की जरूरत होती है। इन जोखिमों को देखते हुए हम सभी को शरीर को डिटॉक्स करते रहने के लिए कुछ उपाय करते रहना चाहिए। आइए इस बारे में जानते हैं।

### खूब सारा पानी पीते रहना सबसे जरूरी

शरीर की अंदर से साफ-सफाई होती रहे इसके लिए सबसे आसान और जरूरी उपाय है खूब पानी पीते रहना। पानी शरीर के विषाक्त पदार्थों को किडनी और पसीने के माध्यम से बाहर निकालता है।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार, पर्याप्त पानी पीने से किडनी की कार्यक्षमता में सुधार होता है और किडनी शरीर को अंदर से साफ रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण अंग है। दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं। सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू मिलाकर पीना सबसे बेहतर विकल्प हो सकता है।

### लिवर की सेहत पर भी दें ध्यान

किडनी की ही तरह लिवर को भी डिटॉक्स का मुख्य अंग माना जाता है जो शरीर के भीतर बढ़ रहे विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है। एक अध्ययन के अनुसार, ब्रोकली, पालक और ग्रीन-टी जैसे खाद्य और पेय पदार्थ लिवर एंजाइम्स को सक्रिय करते हैं, जिससे ये अंग और बेहतर ढंग से शरीर की साफ-सफाई कर पाता है।

खान-पान में सुधार के साथ शराब से दूरी बनाकर लिवर की सेहत को ठीक रखने और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिल सकती है।

### अच्छी नींद लेना भी जरूरी

शरीर को अंदर से साफ रखने के लिए खान-पान का ध्यान रखने के साथ नींद में सुधार करना भी बहुत जरूरी है। अध्ययनों से पता चलता है कि हर रात पर्याप्त नींद लेना आपके शरीर के स्वास्थ्य और प्राकृतिक विषहरण प्रणाली को ठीक रखने में मददगार है।

सोने के दौरान आपके मस्तिष्क को खुद को फिर से रिफ्रेश करने का मौका मिलता है। इतना ही नहीं दिन भर जमा होने वाले विषाक्त अपशिष्टों को बाहर निकालने के लिए भी ये जरूरी है। उन अपशिष्ट उत्पादों में से एक बीटा-एमाइलॉयड नामक प्रोटीन है, जो अल्जाइमर रोग का खतरा बढ़ाने वाला माना जाता है।

### चीनी और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का सेवन कर दें कम

शरीर को अंदर से साफ-स्वच्छ बनाने के लिए जिन चीजों से दूरी बनाने की सलाह दी जाती है, उनमें चीनी और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ प्रमुख हैं। शोध बताते हैं कि चीनी और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन से मोटापा और अन्य पुरानी बीमारियों जैसे हृदय रोग, कैंसर और मधुमेह का खतरा हो सकता है। ये रोग लिवर और किडनी को क्षति पहुंचाकर आपके शरीर की स्वाभाविक रूप से विषहरण करने की क्षमता में बाधा डालते हैं। इसलिए चीनी और अन्य हानिकारक चीजों को खाने से बचना चाहिए।

## जमकर खा रहे हैं मटर तो अभी हो जाएं सावधान



सर्दी का मौसम आते ही लोगों में सबसे ज्यादा मटर का क्रेज होता है। यही नहीं, मटर का नाम सुनते ही लोगों के मुंह में पानी आ जाता है। मौसम ठंडा हो और मटर की सब्जी न हो। ऐसा होना ही असंभव है। सर्दियों में मटर से घुघुरी, मटर की कचौड़ी, मटर पुलाव, मटर पनीर आदि बनाई जाती है और लोग इसे बड़े चाव से खाते हैं। इन स्वादिष्ट व्यंजनों के बगैर सर्दियां अधूरी सी लगती हैं। मटर में भरपूर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ज्यादा मटर खाने से कई समस्याएं भी आ सकती हैं। आइए जानते हैं।

### यूरिक एसिड की बढ़ोतरी

मटर में प्यूरीन पाया जाता है, जो शरीर में जाकर यूरिक एसिड बन जाता है। जब यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है तो किडनी स्टोन, गठिया और गाउट होने की समस्या होने लगती है। अगर आप भी गठिया या फिर किडनी की समस्या से पीड़ित हैं तो अभी मटर का सेवन करना कम कर दीजिए। अगर आप खाए बगैर रह सकते हैं तो इसका सेवन पूरी तरह से बंद कर दें।

### वजन घटाने में आती है परेशानी

मटर खाने से वजन घटाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। मटर में कार्बोहाइड्रेट और स्टार्च की मात्रा ज्यादा होती है। भले ही यह तत्व शरीर में एनर्जी का मजबूत स्रोत होता है, लेकिन इसका ज्यादा मात्रा में सेवन करने से वजन तेजी से बढ़ने लगता है। ऐसा तब होता है जब इसे हाई कैलोरी फूड के साथ खाया जाए।

### किडनी से जुड़ीं समस्याएं

मटर में प्रोटीन ज्यादा मात्रा में मौजूद होता है। किडनी प्रोटीन को तोड़ने और शरीर से गंदगी निकालने का काम करता है। ऐसे में किडनी की समस्या से पीड़ित लोगों को मटर के सेवन से बचना चाहिए।

### पाचन से जुड़ी समस्या

ज्यादा मटर खाने से पाचन से जुड़ी समस्या का भी सामना करना पड़ता है। मटर में ज्यादा मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जिसे पाचन की प्रक्रिया आसानी से हो जाती है, लेकिन अगर ज्यादा मात्रा में मटर खाया जाए तो पेट फूलना, गैस, कब्ज या दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सैफ पर हमला मामला : आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**मुंबई :** मुंबई की एक अदालत ने बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोप में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक की पुलिस हिरासत की अवधि बढ़ाने का अनुरोध बुधवार को ठुकरा दिया। अदालत ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजते हुए कहा कि उसकी पुलिस हिरासत बढ़ाने के लिए कोई नया आधार नहीं दिया गया है। सैफ पर हमले के आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम (30) को बुधवार को उसकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बांद्रा की मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) कोमल सिंह राजपूत ने आरोपी की हिरासत अवधि बढ़ाने के अनुरोध वाली मुंबई पुलिस की याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, आगे की पुलिस हिरासत, कम से कम इस स्तर पर, उचित नहीं है।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: अनमोल बिश्नोई समेत दो अन्य के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**मुंबई :** मुंबई की एक विशेष अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में वांछित गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ बुधवार को गैर जमानती वारंट जारी किया। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामलों के विशेष न्यायाधीश बी. डी. शेलके ने अपने आदेश में कहा कि अदालत का मानना है कि ''वांछित आरोपी बिश्नोई फरार हो गया है या वह समन का पालन नहीं करेगा।'' न्यायाधीश ने कहा कि इसलिए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करना आवश्यक है। अदालत ने हत्या में शामिल फरार आरोपी शुभम लोनकर और मोहम्मद यासीन अख्तर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए भी इसी तरह की टिप्पणियां कीं।

### डीजीजीआई ने 3,200 करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया, दो लोग गिरफ्तार

**बेंगलुरु :** बेंगलूरू स्थित जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने 3,200 करोड़ रुपये के जीएसटी धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया है और मामले के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीजीआई बेंगलुरु जोन की अतिरिक्त महानिदेशक सुचेता श्रीजेश ने एक बयान में कहा कि तीसरा संदिग्ध अभी फरार है। डीजीजीआई की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई ने बेंगलुरु और मुंबई में 30 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली और एक जटिल घोटाले का खुलासा किया। आरोपियों ने बिना किसी वैध व्यवसाय संचालन वाली फर्जी कंपनियां बनाईं, टर्नओवर बढ़ाने के लिए सर्कुलर ट्रेडिंग में लगे रहे। उन्होंने कहा, घोटाले में शामिल फर्जी बिलों का कुल मूल्य 3,200 करोड़ रुपये से अधिक है। जांच में 15 संदिग्ध कंपनियों का पता चला, जिनका कोई वास्तविक व्यवसाय नहीं था।

### छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 29 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सात महिला समेत 29 नक्सलियों ने बुधवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कुतुल एरिया कमेटी के अंतर्गत कार्यरत सात महिला समेत 29 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में जनताना सरकार अध्यक्ष व नक्सलियों की दवाई शाखा का अध्यक्ष बुधराम वड़दा (39) भी शामिल है। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण का सबसे बड़ा कारण जिले में चलाए जा रहे विकास कार्य है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के नक्सलियों को क्षेत्र में तेजी से बन रही सड़कें तथा गावों तक पहुंचती विभन्न सुविधाओं ने प्रभावित किया है, जिस कारण उनका नक्सली संगठन के विचारों से मोहभंग हो रहा है। कुमार ने बताया कि सुरक्षाबलों द्वारा लगातार अंदरूनी क्षेत्रों में शिविर स्थापित करने तथा क्षेत्र में चलाये जा रहे आक्रामक अभियानों और मारे जाने के भय ने भी इन्हें संगठन छोड़ने के लिए प्रेरित किया है।

### यमुना में 'जहर' पर मोदी ने साधा केजरीवाल पर निशाना, कहा:

# 'पाप' करने वालों को दिल्ली माफ नही करती

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यमुना में 'जहर' मिलाए जाने संबंधी टिप्पणी के लिए बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि दिल्ली चुनावों में अपनी हार के डर से 'आप-दा वाले' हताश हो गए हैं। पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर करतार नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आप नेताओं की तुलना सीरियल किलर 'चार्ल्स शोभराज' से की जो लोगों को ठगने के लिए कुख्यात था। उन्होंने कहा, ''शीश महल बनाने वाले और हजारों करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन को लूटने वाले लोग कभी गरीबों के कल्याण के बारे में



नहीं सोच सकते। यही कारण है कि वे दिल्ली में झूठ फैला रहे हैं। ये आप-दा के लोग इतनी मासूमियत से झूठ बोलते हैं कि लोग फंस जाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''आपने चार्ल्स शोभराज के बारे में सुना होगा, वह एक जाना माना ठग था। वह मासूमियत से लोगों को ठगने में इतना माहिर था कि हर बार लोग उसके झांसे में आ जाते थे। इसलिए ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा।'' कांग्रेस और आप पर विगत 25 सालों में दिल्लीवासियों की दो-दो पीढ़ी 'बर्बाद' करने का आरोप लगाते हुए मोदी ने मतदाताओं से एक बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राष्ट्रीय राजधानी की सेवा करने का मौका देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी ने 14 साल राज किया तो किसी ने 11 साल राज किया, फिर भी वही जाम, वही गंदगी, वही टूटी-फूटी सड़कें, गलियों में बहता गंदा पानी, वही जलभराव और वही प्रदूषण है। उन्होंने कहा, ''पीने के पानी के लिए लोग तरस रहे हैं, हाहाकार हो रहा है, कुछ नहीं बदला। इन हालातों से दिल्ली को आपके वोट की ताकत बाहर निकाल सकती है।''

# कांग्रेस पर अपना वोट बर्बाद न करें: केजरीवाल ने दिल्लीवासियों से कहा

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कांग्रेस पर तीखा हमला किया और मतदाताओं से अपील की कि वे कांग्रेस को वोट देकर अपना वोट ''बर्बाद'' न करें। यहां बादली विधानसभा क्षेत्र में एक 'जनसभा' को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कांग्रेस पर अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मदद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस पर अपना वोट क्यों बर्बाद करना? कांग्रेस जीतेगी नहीं, वह सिर्फ हमारे वोट काटेगी। कांग्रेस और भाजपा मिलकर आप को हराने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। किसी को जिताने के लिए मतदान करें किसी को हराने के लिए नहीं।'' आप नेता ने अपनी पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं पर जोर देते हुए दावा किया कि एक सर्वेक्षण के अनुसार 70 प्रतिशत महिलाएं आप का समर्थन करती हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने परिवार के पुरुषों को आप को वोट देने के लिए मनाने का आग्रह किया और कहा कि पुरुष अक्सर भाजपा और कांग्रेस के बहकावे में आ जाते हैं। आप ने अपने मौजूदा विधायक अजेश यादव को बादली से कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा है। अजेश यादव पिछले दो चुनावों (2015 और 2020) में इस सीट से जीते हैं, जबकि देवेंद्र यादव ने इससे पहले 2008 और 2013 में इस सीट पर कब्जा किया था। भाजपा ने इस सीट पर दीपक चौधरी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने यमुना का पानी पीने का नाटक किया: केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दावा किया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुना का पानी पीने का नाटक किया और फिर उसमें से कुछ पानी वापस नदी में थूक दिया। उन्होंने कहा कि वह (सैनी) चाहते हैं कि दिल्ली के लोग भी वही जहरीला पानी पिएं। भाजपा शासित हरियाणा द्वारा यमुना के माध्यम से दिल्ली को आपूर्ति किए जाने वाले पानी में 'जहर मिलाने' और 'नरसंहार' का प्रयास करने संबंधी अपनी टिप्पणी पर उठे विवाद के बीच केजरीवाल ने हरियाणा में यमुना तट पर सैनी द्वारा आचमन करने का एक वीडियो साझा किया।

# दिल्ली कांग्रेस घोषणापत्र : महिलाओं को हर महीने 2500, युवाओं को 8500 रुपये

■ कांग्रेस ने दिल्लीवासियों को दी पांच गारंटियां




**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले पहले राजनीतिक दलों की तरफ से घोषणा पत्र का एलान किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी और भाजपा के बाद कांग्रेस ने आज ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणापत्र में कांग्रेस ने जनता को 5 गारंटियां भी दी हैं। इस दौरान कांग्रेस दिल्ली सरकार पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं और युवाओं के लिए कई वादे किए हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इस गारंटी का इस्तेमाल आज सभी पार्टियां कर रही हैं। पहली बार कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक चुनाव के दौरान गारंटी शब्द का इस्तेमाल किया था, हम चाहते थे कि जनता तक ये संदेश जाए कि कांग्रेस जो कहती है, वह करती है। ये गारंटी सिर्फ पार्टी की नहीं है बल्कि ये जनता का हक है। कांग्रेस ने दिल्ली के लिए अपनी 5 गारंटी बहुत पहले ही दे दी है जिन्हें पूरा किया जाएगा। कांग्रेस के घोषणापत्र में प्यारी दीदी योजना, जीवन रक्षा योजना, युवा उड़ान योजना, महंगाई मुक्त योजना और फ्री बिजली योजना शामिल हैं।

# दो हिंदुओं के बीच विवाह एक पवित्र बंधन, सालभर में नहीं तोड़ा जा सकता: इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा कि दो हिंदुओं के बीच विवाह एक पवित्र बंधन है, जिसे विवाह के साल भर के भीतर नहीं तोड़ा जा सकता फिर चाहे इसके लिए दोनों पक्ष पारस्परिक रूप से सहमत ही क्यों न हों। अदालत ने कहा कि जब तक असाधारण मुश्किल या असाधारण अनैतिकता ना हो जैसा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 14 में वर्णित है, विवाह को भंग नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डी. रमेश की पीठ ने यह निर्णय देते हुए कहा कि तलाक के लिए अर्जी दाखिल करने के संबंध में धारा 14 में विवाह की तिथि से एक साल की समय सीमा की व्यवस्था है हालांकि



असाधारण मुश्किल या अनैतिकता के मामले में इस तरह की याचिका पर विचार किया जा सकता है। इस मामले में दोनों पक्षों ने हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13-बी के तहत पारस्परिक सहमति से विवाह भंग करने की अर्जी दाखिल की थी, जिसे सहारनपुर की कुटुम्ब अदालत ने इस आधार पर खारिज कर दिया था कि अर्जी दाखिल करने की न्यूनतम अवधि पूरी नहीं हुई है। याचिकाकर्ताओं ने इस निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने 15 जनवरी को निशांत भारद्वाज द्वारा दाखिल प्रथम अपील खारिज करते हुए एक वर्ष की अवधि पूरी होने के बाद याचिकाकर्ता को नए सिरे से अर्जी दाखिल करने का विकल्प दिया था। अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में आपसी असंगति के लिए नियमित आधार के अलावा, कोई असाधारण परिस्थिति पेश नहीं की गई, जिससे इन पक्षों को विवाह के एक वर्ष के भीतर तलाक के लिए अर्जी दाखिल करने की अनुमति दी जा सके।

## न्यूज अपडेट

### जम्मू-कश्मीर: यूएपीए मामलों के सिलसिले में राजौरी में कई स्थानों पर छापेमारी की गई

**राजौरी/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को नियंत्रण रेखा पार से सक्रिय आतंकवादियों के 25 ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामलों की जांच के तहत सीमावर्ती जिले के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कर्मियों ने पुलिस की मदद की। अधिकारियों ने बताया कि शहर के पास टुंडी तरार में इफ्तिखार हुसैन और उसके भाई मोहम्मद परवाज के घरों पर सुबह लगभग नौ बजकर 50 मिनट पर छापेमारी की गई लेकिन एक घंटे से अधिक समय तक चली छापेमारी के दौरान कुछ भी नहीं मिला। उन्होंने बताया कि दोनों का एक और भाई मोहम्मद असगर उर्फ 'बिल्ला' उर्फ 'काका' एक आतंकवादी है, जो नियंत्रण रेखा के पार से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। उन्होंने बताया कि छापेमारी अब भी जारी है।

### पू. सी. रेलवे ने संरक्षा को बढ़ावा देते हुए लोको पायलटों के लिए ऑडियो-विजुअल सेक्शनल रोड शिक्षण प्रशिक्षण किया चालू

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने अपने सभी पांच मंडलों में ऑडियो-विजुअल सेक्शनल रोड लर्निंग (एलआर) प्रशिक्षण लागू किया है। यह जोन के अधीन ट्रेन परिचालन में परिचालनिक दक्षता और संरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक अन्य महत्वपूर्ण कदम है। इस नवीनतम पहल का उद्देश्य लोको पायलट (एलपी) और सहायक लोको पायलट (एएलपी) को एक उन्नत शिक्षण संसाधन प्रदान करना है, ताकि उनलोगों को निर्दिष्ट मार्गों, स्टेशन लेआउट्स, सिग्नलिंग सिस्टम और सेफ्टी प्रोटोकॉल की वास्तविक और गहन समझ से अवगत कराया जा सके। पू. सी. रेलवे के प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर श्री संदीप कुमार के नेतृत्व में ऑडियो-विजुअल सेक्शनल एलआर वीडियो विकसित किया गया है। इस उपकरण की परिकल्पना रेलवे ट्रैक, स्टेशन लेआउट, सिग्नल प्लेसमेंट, ग्रेडिएंट्स, कर्व्स और ब्रिज के वास्तविक समय के फुटेज प्रस्तुत करके सैद्धांतिक जानकारी और व्यावहारिक अनुभव के बीच की खाई को पाटने के लिए किया गया है। इंजन पर लगे इन-हाउस कैमरों के उपयोग से कैप्चर किए गए ये वीडियो, लोको पायलटों को ट्रेन परिचालन से पहले अपने संबंधित मार्गों की जटिलताओं से परिचित कराने में सक्षम बनाते हैं।

# दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़े वर्गों और आरक्षण के खिलाफ हैं केजरीवाल: राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तीखा प्रहार जारी रखते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों और आरक्षण के खिलाफ हैं। उन्होंने दिल्ली के बवाना में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल और उनके लोगों ने मिलकर दिल्ली में सबसे बड़ा शराब घोटाला किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया, ''पूरा देश जानता है कि आपने (केजरीवाल) भ्रष्टाचार किया।'' कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद



केजरीवाल झूठे वादे करते हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस झूठे वादे नहीं करती। हम जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं।'' राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नफरत फैला रहे हैं। उन्होंने कहा, ''जहां भी नफरत फैलाई जाएगी वहां राहुल गांधी खड़ा होगा और मोहब्बत की बात करेगा।'' कांग्रेस नेता का कहना था कि 'नरेन्द्र मोदी के नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है।'' उन्होंने कहा, ''पांच साल पहले केजरीवाल जी ने कहा था कि यमुना जी में स्नान करूंगा और पानी पीयूंगा। आज तक केजरीवाल जी ने यमुना का पानी नहीं पीया। आप लोगों को गंदा पानी पीना पड़ रहा है।'' राहुल गांधी ने केजरीवाल को चुनौती दी कि वह यमुना का पानी पीकर दिखाएं। उन्होंने कहा, ''मैं जानता हूं कि केजरीवाल जी यमुना का पानी नहीं पीएंगे क्योंकि वह अस्पताल चले जाएंगे।''

# मोदी और केजरीवाल एक ही सिक्के के दो पहलू, झूठों के सरदार हैं: खरगे

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि दोनों ''एक ही सिक्के के दो पहलू' और ''झूठों के सरदार'' हैं। खरगे ने यहां बुराड़ी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) ने मिलकर कांग्रेस को सत्ता से हटाया, लेकिन दिल्ली तथा देश के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने आप पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''ये बातें ऐसी करते हैं कि मानो सीधे स्वर्ग से उतरे हों।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कथित शराब



घोटाले का हवाला देते हुए कहा, ''अगर सब ठीक है तो (केजरीवाल) जेल क्यों गए, आबकारी घोटाले में क्यों पकड़े गए? आप दोनों (मोदी और केजरीवाल) हरिश्चंद्र के बेटों ने मिलकर हमें (सत्ता से) निकाला, लेकिन इसके बाद कुछ नहीं किया।''

# रेल मंत्री का अधिकारियों को निर्देश: प्रयागराज से जरूरतों के अनुसार ट्रेनों का संचालन हो

**नयी दिल्ली :** महाकुंभ में भगदड़ के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को प्रयागराज से जरूरतों के अनुसार ट्रेनों का परिचालन करने का निर्देश दिया है। रेल मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि वैष्णव ने बुधवार को प्रयागराज में महाकुंभ क्षेत्र में भगदड़ मचने के बाद ट्रेन सेवाओं की समीक्षा की और वह यात्री सुविधाओं तथा ट्रेन परिचालन पर निगरानी के लिए यहां रेल भवन में स्थापित और 24 घंटे संचालित 'वॉर रूम' पहुंचे।



रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा, ''रेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्थिति पर नजर रखें और योजना तथा उत्पन्न आवश्यकताओं के अनुसार ट्रेनों का संचालन करें।'' उन्होंने कहा, ''रेलवे मौजूदा परिदृश्य से उपजे हालात से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।'' मंत्रालय ने यह भी कहा कि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार व्यक्तिगत रूप से ट्रेन परिचालन की निगरानी करने के लिए पूरे दिन 'वॉर रूम' में मौजूद रहे। प्रेस नोट में कहा गया है, ''उन्होंने सुनिश्चित किया है कि प्रयागराज से ट्रेन सेवाओं को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।'' मौनी अमावस्या के अवसर पर बुधवार तड़के महाकुंभ के संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए।

# प्रयागराज की उड़ानों के ऊंचे किराये पर हरकत में सरकार

### इंडिगो ने किराया 50 प्रतिशत तक घटाया

**नयी दिल्ली :** महाकुंभ के लिए देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के बीच देखे जा रहे भारी उत्साह के बीच प्रयागराज की उड़ानों के किराये बेहद ऊंचे स्तर पर चले जाने को लेकर बुधवार को नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइंस से उचित किराया तय करने के लिए कहा। इस निर्देश के बाद देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने प्रयागराज के लिए अपनी उड़ानों के किराये में 30-50 प्रतिशत तक की कटौती कर दी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसके पहले उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने प्रयागराज की उड़ानों का हवाई किराया 'बुहत अधिक' हो जाने की बात कही और विमानन नियामक डीजीसीए से इस दिशा में कदम उठाने की मांग की। प्रयागराज के संगम क्षेत्र में 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ मेले का हिस्सा बनने के लिए देश-विदेश के लाखों लोग पहुंच रहे हैं। इसकी वजह से हवाई यात्रा की मांग बहुत तेजी से बढ़ी जिससे किराये में भी जबर्दस्त उछाल आया है। ऐसी स्थिति में नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइंस से टिकट की कीमतों को तर्कसंगत बनाने के लिए कहा था।

# दिल्ली में इमारत ढहने के 30 घंटे बाद, एक ही परिवार के चार लोगों को जीवित बचाया गया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के बुराड़ी इलाके में बहुमंजिला इमारत ढहने की घटना के 30 घंटे से अधिक समय बाद एक परिवार के चार लोगों को मलबे से जीवित बाहर निकाला गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राजेश (30), उसकी पत्नी गंगोत्री (26), छह वर्षीय बेटा प्रिंस और तीन वर्षीय बेटे रितिक को मंगलवार रात बचाया गया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। अधिकारियों के अनुसार, नवनिर्मित इमारत की छत का एक हिस्सा रसोई गैस सिलेंडर पर गिरा जिससे मलबा उन पर नहीं गिरा और वे दबने से बच गए। सोशल मीडिया



के विभिन्न मंचों पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें परिवार के सदस्य दो बच्चों के साथ एम्बुलेंस में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। राजेश ने पत्रकारों से कहा, ''मेरा बड़ा बेटा छह साल का है और छोटा बेटा तीन साल का है। हम भगवान के शुक्रगुजार हैं कि हम बच गए।'' 'ऑस्कर पब्लिक स्कूल' के पास चार मंजिला आवासीय इमारत सोमवार शाम ढह गई थी जिसमें दो नाबालिगों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बांठिया ने कहा, ''बचाव अभियान अभी जारी है और बुधवार देर रात तक इसके जारी रहने की संभावना है। दिल्ली पुलिस, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और दिल्ली अग्निशमन सेवा की कई टीम रात-दिन काम कर रही हैं।'' उन्होंने बताया कि अब तक 21 लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है, जिसमें से 16 की जान बच गई और पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''बचाव अभियान अब भी जारी है। मलबे में कुछ और लोग फंसे हो सकते हैं।''

# इसरो को अगले पांच साल में 100 और मिशन पूरे करने का भरोसा: इसरो अध्यक्ष

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अपने 100 मिशन पूरे करने का लक्ष्य हासिल करने में भले ही 46 वर्ष लग गए हों, लेकिन देश की अंतरिक्ष एजेंसी को अब अगले पांच साल में ही अपना अगला शतक पूरा कर लेने का भरोसा है। इसरो ने बुधवार को अपने ऐतिहासिक 100वें मिशन के तहत एक उन्नत नेविगेशन उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। बुधवार तड़के किया गया यह प्रक्षेपण इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन है। उन्होंने 13 जनवरी को पदभार संभाला था। इसके अलावा यह 2025 में इसरो का पहला मिशन है। नारायणन ने



विश्वास व्यक्त किया कि अंतरिक्ष एजेंसी अगले पांच साल में 200 मिशन का आंकड़ा पार कर सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या अगले पांच वर्ष में 100 और प्रक्षेपण करना संभव है, नारायणन ने 'हां' में उत्तर दिया। उन्होंने विस्तार से बताए बिना कहा, ''आप सही सवाल पूछ रहे हैं। यह संभव है।'' इसरो ने इतिहास रचते हुए रॉकेट के पुर्जों को साइकिल और बैलगाड़ी पर ले जाने के युग से लेकर विश्व की प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियों में से एक बनने तक की यात्रा तय की है। अब इसरो विदेशी विक्रेताओं के लिए वाणिज्यिक प्रक्षेपण भी कर रहा है। इसरो उन एजेंसी की विशिष्ट लीग का हिस्सा है जिनके चंद्र और सूर्य मिशन सफल रहे हैं। इसरो ने अब तक प्रक्षेपण यानों की छह पीढ़ियां विकसित की हैं, जिनमें से पहली पीढ़ी ने 1979 में प्रोफेसर सतीश धवन के मार्गदर्शन में आकार लिया और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम परियोजना निदेशक थे। यह एसएलवी-3 ई1/रोहिणी प्रौद्योगिकी पेलोड था। नारायणन ने कहा कि 46 साल बाद इसरो ने 100वें मिशन का लक्ष्य हासिल करने की यात्रा के दौरान 548 उपग्रहों को कक्षाओं में पहुंचाया। उन्होंने 100वें मिशन की सफलता के बाद पत्रकारों से भविष्य के मिशन पर भी बात की।

# गणतंत्र दिवस परेड: उप्र की झांकी को पहला पुरस्कार, जम्मू कश्मीर राइफल्स सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल

**नयी दिल्ली :** महाकुंभ का आयोजन प्रदर्शित करती उत्तर प्रदेश की झांकी को इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में पहला पुरस्कार मिला वहीं जम्मू कश्मीर राइफल्स के दल को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी घोषित किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों में त्रिपुरा की झांकी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। त्रिपुरा की झांकी का विषय 'सनातन श्रद्धा' था। आंध्र प्रदेश की झांकी ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। आंध्र प्रदेश की झांकी में पर्यावरण-अनुकूल लकड़ी के खिलौनों को प्रदर्शित किया गया था। केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की श्रेणी में जनजातीय कार्य मंत्रालय की झांकी को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और अन्य



सहायक बलों की श्रेणी में दिल्ली पुलिस को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल घोषित किया गया। मंत्रालय ने कहा कि मार्चिंग दलों और विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, मंत्रालयों और केंद्र सरकार के विभागों की झांकियों का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायकों के तीन पैनल का गठन किया गया था। इसके अतिरिक्त, 26 से 28 जनवरी तक ''माई गोव पोर्टल'' पर नागरिकों से उनकी पसंदीदा झांकी और मार्चिंग टुकड़ियों को 'पसंदीदा श्रेणी' के रूप में वोट देने के लिए एक ऑनलाइन मतदान कराया गया। इस 'पोल' में, गुजरात की झांकी (स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास) पहले स्थान पर रही जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश (महाकुंभ 2025) और उत्तराखंड (सांस्कृतिक धरोहर और साहसिक खेल) की झांकी रही। सिग्नल्स दल को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल घोषित किया गया।

## भारत ओलंपिक के लिए अपने बुनियादी ढांचे, अनुसंधान क्षमताओं को मजबूत कर रहा है: उषा



**अहमदाबाद :** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को कहा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के अधिकार हासिल करने के लिए सिर्फ बुनियादी क्षमताओं को मजबूत करने पर ही ध्यान केंद्रित नहीं कर रहा है बल्कि बौद्धिक रूप से भी ध्यान लगा रहा है। पूर्व ट्रैक एवं फील्ड स्टार गांधीनगर जिले के देहगाम के पास राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) में पहले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक अनुसंधान सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उषा ने कहा कि सम्मेलन के कारण दुनिया भर से विभिन्न ओलंपिक अध्ययन और शोध केंद्रों के प्रतिनिधि तथा विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञ भारत में एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा, 'ओलंपिक आंदोलन के साथ भारत का जुड़ाव एक परिवर्तनकारी क्षण में है और यह प्रतिस्पर्धी खेलों से आगे बढ़कर ओलंपिकवाद की सच्ची भावना को अपनाता है जो खेलों के माध्यम से शांति, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है।' एशियाई ट्रैक एवं फील्ड में 1980 के दशक में अपना दबदबा बनाने वाली पूर्व एथलीट ने कहा, 'भारत (2036) ओलंपिक की मेजबानी करना चाहता है इसलिए हम केवल अपनी बुनियादी ढांचा क्षमताओं को ही मजबूत नहीं कर रहे हैं बल्कि अपनी बौद्धिक और शोध तैयारियों को भी मजबूत कर रहे हैं।'

# तिलक वर्मा आईसीसी टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर, वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पांच में शामिल





**दुबई :** भारत के प्रतिभाशाली बल्लेबाज तिलक वर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी की गई पुरुष टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 25 स्थान की लंबी छलांग लगाकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं। वर्मा अब बल्लेबाजों की सूची में ट्रैविस हेड के ठीक पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ने वर्मा पर 23 अंक की बढ़त बना रखी है। बाएं हाथ के बल्लेबाज वर्मा इस समय शानदार फॉर्म में है और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की मौजूदा टी20 श्रृंखला में नाबाद 19, नाबाद 72 और 18 रन बनाए हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच वर्तमान श्रृंखला में अभी दो मैच खेले जाने बाकी हैं तथा वर्मा के पास हेड से आगे निकलने और रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का मौका है। यह रिकॉर्ड वर्तमान में पाकिस्तान के बाबर आजम के नाम पर दर्ज है, जो 23 साल और 105 दिन की उम्र में नंबर एक पर पहुंचे थे। वर्मा की 832 अंकों की वर्तमान रेटिंग टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा हासिल की गई चौथी सबसे बड़ी रेटिंग है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में भारत की तरफ से केवल सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली और केएल राहुल ही उनसे अधिक रेटिंग अंक हासिल कर पाए। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 59 स्थान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन (पांच पायदान ऊपर 32वें स्थान पर) और बेन डकेट (28 पायदान ऊपर 68वें स्थान पर) को भी अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच में 24 रन देकर पांच विकेट लेने वाले चक्रवर्ती अपने इस करिश्माई प्रदर्शन से गेंदबाजों की रैंकिंग में चोटी के पांच गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं। उनके साथी स्पिनर अक्षर पटेल पांच पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद भारत के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन के दम पर टी20 अंतरराष्ट्रीय कि गेंदबाजों की रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह 2023 में पहले नंबर पर पहुंचे थे। इस बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। टेस्ट क्रिकेट में ऑलराउंडर की सूची में वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट शीर्ष पर बने हुए हैं।

# तैराकी में कर्नाटक का दबदबा, 14 वर्षीय देसिंघु ने मचाई धूम



**हल्द्वानी :** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली भारत की सबसे युवा खिलाड़ी चौदह वर्षीय धीनिधि देसिंघु ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं जबकि कर्नाटक ने अपनी ख्याति के अनुरूप दबदबा बनाकर पांच स्वर्ण और दो रजत पदक अपनी झोली में डालें। पेरिस ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने यहां गोलापार में मानसखंड तरणताल में तैराकी प्रतियोगिताओं के शुरुआती दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल और पुरुषों की 4100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीते। देसिंघु ने महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में दो मिनट और 3.24 सेकंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले का रिकॉर्ड हशिका रामचंद्र के नाम था, जो उन्होंने गुजरात में 2022 के खेलों के दौरान बनाया था। कर्नाटक की इस तैराक ने इसके अलावा महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई और 4100 मीटर फ्रीस्टाइल में भी स्वर्ण पदक जीते। महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में दिल्ली की भव्या सचदेवा (2:08.68) और महाराष्ट्र की अदिति सतीश हेगड़े (2:09.74) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई में देसिंघु ने 1:03.62 का समय निकाला और दिन में दूसरी बार पोडियम के शीर्ष पर पहुंची। कर्नाटक की ही नायशा शेट्टी (1:04.81) ने रजत जबकि ओडिशा की सृष्टि उपाध्याय (1:05.20) ने कांस्य पदक जीता। देसिंघु ने इसके बाद नीना वेंकटेश, शालिनी आर दीक्षित और लतीशा मंधाना के साथ मिलकर 4:01.58 के समय के साथ कर्नाटक को महिलाओं की 4100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक दिलाया। महाराष्ट्र (4:02.17) और तमिलनाडु (4:08.81) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। कर्नाटक ने पुरुषों की 4100 मीटर फ्रीस्टाइल में श्रीहरि नटराज, अनीश एस गौड़ा, आकाश मणि और चिनतन एस शेट्टी की टीम के साथ 3:26.26 का समय लेकर राष्ट्रीय खेलों का नया रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु (3:29.92) और गुजरात (3:32.23) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

## ख्वाजा और स्मिथ के शतक से ऑस्ट्रेलिया की शानदार शुरुआत



**गॉल (श्रीलंका) :** सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और कप्तान स्टीव स्मिथ के नाबाद शतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन बुधवार को यहां दो विकेट पर 330 रन बनाए। खराब रोशनी के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब स्मिथ 104 और ख्वाजा 147 रन पर खेल रहे थे। यह दोनों तीसरे विकेट के लिए अभी तक 195 रन जोड़ चुके हैं। स्मिथ ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में 10000 रन भी पूरे किए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के 15वें और ऑस्ट्रेलिया के चौथे बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से उनसे पहले एलेन बॉर्डर, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग ने यह उपलब्धि हासिल की थी। स्मिथ ने इस टेस्ट से पहले 9999 रन बनाए थे और उन्होंने क्रीज पर उतरते ही प्रभात जयसूर्या की गेंद पर एक रन लेकर टेस्ट क्रिकेट में 10000 रन पूरे किए। श्रीलंका के पास स्मिथ को जल्दी आउट करने का मौका था लेकिन जयसूर्या अपनी ही गेंद पर उनका कैच नहीं लपक पाए। उनकी यह गलती श्रीलंका को काफी महंगी पड़ी क्योंकि स्मिथ ने इसके बाद उन्हें कोई मौका नहीं दिया। वह अभी तक अपनी पारी में 10 चौके और एक छक्का लगा चुके हैं। भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले ख्वाजा ने शुरू से लेकर दिन के आखिर तक एक छोर संभाले रखा। उन्होंने भी अपनी पारी में अभी तक 10 चौके और एक छक्का लगाया है। इससे पहले ट्रैविस हेड ने शानदार शुरुआत देते हुए सिर्फ 40 गेंदों में 57 रन बनाए जिसने 10 चौके और एक छक्का शामिल है। जयसूर्या ने उन्हें लॉन्ग ऑन पर कैच करा कर ख्वाजा के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी तोड़ी। दो साल में अपना पहला टेस्ट खेल रहे लेग स्पिनर जेफरी वेंडरसे ने मार्नस लाबुशेन (20) को स्लिप में कैच कराकर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई लेकिन इसके बाद ख्वाजा और स्मिथ ने पहला दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### न्यूज अपडेट

## विराट के आने से बढ़ी चमक, जीत के साथ विदा लेने उतरेगी दिल्ली



**नयी दिल्ली :** विराट कोहली की करिश्माई मौजूदगी से रणजी ट्रॉफी की चमक ही नहीं बढ़ी है बल्कि खराब दौर से जूझ रही दिल्ली की टीम का मनोबल भी ऊंचा हुआ है जो रेलवे के खिलाफ ग्रुप डी के आखिरी मैच में जीत के साथ विदा लेने के इरादे से उतरेगी। रेलवे के छह मैचों में 17 अंक है और दिल्ली को बोनस अंक के साथ हराने पर वह नॉकआउट में पहुंच सकता है। दिल्ली के छह मैचों में 14 अंक है और तकनीकी तौर पर ही वह दौड़ में बनी हुई है। वैसे कोहली को खेलते देखने आने वाले दर्शकों को नतीजे की परवाह कहां है। तमिलनाडु के छह मैचों में 25 और चंडीगढ के छह मैचों में 19 जबकि सौराष्ट्र के 18 अंक है। दिल्ली की टीम अगर पहले गेंदबाजी करती है तो मैदान में 3000 से ज्यादा दर्शक नहीं होंगे लेकिन दिल्ली के पहले बल्लेबाजी करने पर दर्शक यही चाहेंगे कि कोहली जल्दी से क्रीज पर उतरें। लेकिन अगर 'किंग कोहली' जल्दी आउट हो जाते हैं तो ? फिर रणजी ट्रॉफी वापिस 'रणजी ट्रॉफी' ही हो जायेगा जिसमें चार या पांच पत्रकार और सौ दो सौ दर्शक मैदान पर होते हैं। कोहली की वापसी को लेकर इस तरह की हाइप है कि फिरोज शाह कोटला मैदान पर से लाइव स्ट्रीमिंग के लिये ऐन मौके पर व्यवस्था की गई है। कोहली बारह साल और तीन महीने बाद रणजी मैच खेलेंगे। दिल्ली के कप्तान आयुष बडोनी ने मैच से पूर्व कहा, 'मैंने आईपीएल में विराट भैया के खिलाफ खेला है। यह मेरे लिये सम्मान की बात है कि ऋषभ के बाद अब विराट भैया मेरी कप्तानी में खेल रहे हैं।' समझा जाता है कि कोहली टीम में जोंटी सिद्धू की जगह लेंगे जो पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। बडोनी ने कहा, 'विराट भैया चौथे नंबर पर उतरेंगे। उन्होंने हमसे सकारात्मक होकर खेलने के लिये कहा है।' कोटला की पिच हरी भरी लग रही है और बडोनी ने संकेत दिया है कि वे अतिरिक्त तेज गेंदबाज को लेकर उतरेंगे। ऐसे में मनी ग्रेवाल की अंतिम एकादश में वापसी हो सकती है। रेलवे की टीम के पास कुछ बेहद अनुभवी खिलाड़ी हैं। कोहली की कप्तानी में 11 साल पहले एडीलेड में टेस्ट पदार्पण करने वाले कर्ण शर्मा के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज उपेंद्र यादव भी हैं। तेज गेंदबाजी में हिमांशु सांगवान स्ट्राइक गेंदबाज हैं। रेलवे की टीम पर भी कोहली का करिश्मा छाया हुआ है और उसके कुछ खिलाड़ी अभ्यास के पहले दिन आधुनिक क्रिकेट के इस महानायक के साथ तस्वीरें लेते दिखे।

## अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप : श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर अभियान खत्म किया

**बांगी (मलेशिया) :** श्रीलंका ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया पर 12 रन की शानदार जीत से आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान खत्म किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही सेमीफाइनल में क्वालीफाई कर लिया था लेकिन टीम अंतिम चार से पहले अपनी विजयी लय जारी रखने में असफल रही। चामुडी प्रबोदा की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण से श्रीलंका ने लगातार अंतराल पर विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 100 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लय हासिल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया को अंतिम ओवर में जीत के लिए 20 रन की दरकार थी और श्रीलंका ने संयम से गेंदबाजी करते हुए यादगार जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 99 रन ही बनाने दिए। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब फाइनल में जगह बनाने के लिए 31 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी जबकि भारत का सामना इसी दिन इंग्लैंड से होगा। नाईजीरिया ने भी आयरलैंड पर छह रन की रोमांचक जीत के बाद टूर्नामेंट में अपना अभियान खत्म किया।

# समाज्ञा व्यापार

## भारत की 2047 तक 1,800 गीगावाट हरित बिजली उत्पाद क्षमता पर नजर: प्रल्हाद जोशी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बुधवार को कहा कि भारत 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के तहत 1,800 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का दीर्घकालिक लक्ष्य हासिल करने पर विचार कर रहा है। जोशी ने यहां भारत ऊर्जा संक्रमण शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कुल मिलाकर, चीजें बहुत तेज हैं। अब हम 2030 (जब 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल की जाएगी) के बारे में नहीं सोच रहे हैं, हम 2047 के बारे में सोच रहे हैं। जोशी के पास 'नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय' का प्रभार है। उन्होंने कहा कि 2030 के लिए जो भी योजना बनाई गई है, उसे पूरा किया जाएगा लेकिन हम 2047 (1,800 गीगावाट का लक्ष्य) के बारे में भी सोच रहे हैं। मंत्री ने कहा, हमारे पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 के लिए एक दीर्घकालिक दृष्टि और खाका है... हम निश्चित रूप से 2030 तक 500 गीगावाट क्षमता हासिल कर लेंगे, यह पक्का है। हम 2047 तक 1,800 गीगावाट की क्षमता स्थापित करने के लिए भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट एक अल्पकालिक योजना है और सरकार 2047 के लिए दीर्घकालिक लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जोशी ने कहा, हम देश में लगभग 100 गीगावाट सौर क्षमता तक पहुंच गए हैं। आने वाले वर्षों में, हमें सालाना लगभग 50 गीगावाट नई क्षमता जोड़ने की उम्मीद है। यह वह गति है जिस पर हम आगे बढ़ रहे हैं। जोशी ने कहा कि स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता मार्च, 2014 के 75.52 गीगावाट से लगभग 200 प्रतिशत बढ़कर आज 220 गीगावाट हो गई है।

## देश में डिजिटल भुगतान बीते साल सितंबर अंत तक 11.1 प्रतिशत बढ़ा: आरबीआई

**मुंबई :** देशभर में डिजिटल भुगतान में पिछले साल सितंबर के अंत तक सालाना आधार पर 11.11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ऑनलाइन लेनदेन की स्वीकार्यता मापने वाले आरबीआई के सूचकांक में यह जानकारी दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि सितंबर, 2024 के लिए आरबीआई का डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) 465.33 है, जबकि मार्च, 2024 के लिए यह 445.5 था। आरबीआई ने कहा, आरबीआई-डीपीआई सूचकांक में वृद्धि, इस अवधि में देशभर में भुगतान अवसंरचना और भुगतान प्रदर्शन में वृद्धि के कारण हुई। केंद्रीय बैंक ने मार्च, 2018 में देश भर में भुगतान के डिजिटलीकरण की सीमा को मापने के लिए आधार के रूप में एक समग्र आरबीआई-डीपीआई के निर्माण की घोषणा की थी। सूचकांक में पांच व्यापक पैरामीटर शामिल हैं जो विभिन्न अवधियों में देश में डिजिटल भुगतान की गहनता और पहुंच को मापने में सक्षम बनाते हैं। ये पैरामीटर – भुगतान सक्षमकर्ता (भार 25 प्रतिशत), भुगतान अवसंरचना – मांग पक्ष कारक (10 प्रतिशत), भुगतान अवसंरचना – आपूर्ति पक्ष कारक (15 प्रतिशत), भुगतान प्रदर्शन (45 प्रतिशत) और उपभोक्ता पर ध्यान (पांच प्रतिशत) हैं। यह सूचकांक मार्च, 2021 से चार महीने के अंतराल के साथ छमाही आधार पर प्रकाशित किया जाता है।

# आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़ा, सेंसेक्स 631 अंक मजबूत



**मुंबई :** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच बुधवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में लिवाली आने से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। सेंसेक्स 631 अंक और निफ्टी करीब 206 अंक चढ़कर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि एक फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से पहले विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 631.55 अंक यानी 0.83 प्रतिशत उछलकर 76,532.96 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 698.32 अंक चढ़कर 76,599.73 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 205.85 अंक यानी 0.90 प्रतिशत बढ़कर 23,163.10 पर पहुंच गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय बाजार ने खपत और रोजगार बढ़ाने के लिए कुछ नीतिगत उपायों की उम्मीद में बजट के पहले जुझारू रवैया दिखाया है। निवेशकों की नजरें अब फेडरल रिजर्व समिति की आगामी बैठक पर टिकी हैं। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो ने लगभग सात प्रतिशत की छलांग लगाई। इसके अलावा टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी तेजी रही। इसके उलट, आईटीसी होटल, भारती एयरटेल, मारुति, एशियन पेंट्स और आईटीसी के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। छोटी कंपनियों के बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 3.28 प्रतिशत और मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 2.54 प्रतिशत की जोरदार तेजी दर्ज की गई। इस तरह बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से कुल 2,978 के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,011 कंपनियों में गिरावट रही और 93 अन्य अपरिवर्तित रहीं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, अधिकांश प्रमुख क्षेत्रों ने बाजार की रौनक लौटाने में योगदान दिया। छोटी और मझोली कंपनियों के सूचकांकों में आई तगड़ी बढ़त इस कारोबारी सत्र की खासियत रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में रोजमर्रा के उत्पाद बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों के खंड को छोड़कर बाकी सभी खंडों में तेजी रही। रियल्टी खंड में सर्वाधिक 3.10 प्रतिशत और औद्योगिक खंड में 2.94 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

## कैम्पा, अन्य कंपनियां अच्छा कर रहीं, हमारे सामने सर्वश्रेष्ठ बनने की चुनौती: कोका-कोला अध्यक्ष



**नयी दिल्ली :** कोका-कोला के वैश्विक अध्यक्ष और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) जॉन मर्फी ने बुधवार को कहा कि कैम्पा सहित स्थानीय कंपनियां भारतीय पेय बाजार में काफी 'अच्छा काम' कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा से उनकी कंपनी को प्रासंगिक बने रहने और नई निवेश रणनीतियों के अनुकूल ढलने में मदद मिल रही है। भारत में पेय पदार्थों की खपत अभी भी अपेक्षाकृत कम है और भारत की युवा आबादी तथा उपभोग खर्च बढ़ने के कारण उद्योग की वृद्धि की संभावनाएं अत्यंत सकारात्मक हैं। इसके अलावा, बढ़ते शहरीकरण ने भी पहुंच में मदद की है, जिसे देश के डिजिटलीकरण से और बढ़ावा मिला है। मर्फी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, सरकार ने कई वर्षों में जो निवेश किया है, उसका लाभ अब देश के लोगों को मिल रहा है। बदले में, हमारे जैसे उद्योगों के लिए अवसर पैदा हो रहे हैं। लोगों को पेय पदार्थ पीना है। हमारा काम उनकी पहली पसंद बनना है। जब उनसे रिलायंस इंडस्ट्रीज के ब्रांड कैम्पा से मिल रही प्रतिस्पर्धा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह हमें हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की चुनौती देता है। मर्फी ने कहा, जब हमारे सामने कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होती, तो हम आलसी हो जाते हैं, हम आत्मसंतुष्ट हो जाते हैं, और हम अच्छा काम तो करते हैं, लेकिन हम उतने अच्छे नहीं होते, जितने हमें होना चाहिए। उन्होंने कहा, ...भारत के प्रतिस्पर्धियों के मामले में, कैम्पा भी है। कई स्थानीय, क्षेत्रीय कंपनियां हैं जो बहुत अच्छा काम कर रही हैं। हमारे पास वरुण (पेप्सी बॉटलर वरुण बेवरेजेज) से जुड़ी कंपनियां हैं जो बहुत अच्छा काम कर रही हैं, और यह हमारे लिए चुनौती है। हालांकि, उन्होंने यह कहा कि भारत में कोका-कोला का पोर्टफोलियो दुनिया में कहीं भी सबसे मजबूत है। इसमें थम्सअप, माजा, लिम्का आदि स्थानीय ब्रांड शामिल हैं।

## डीवीसी ने 800 मेगावाट बिजली आपूर्ति के लिए हरियाणा के साथ समझौता किया

**कोलकाता :** दामोदर घाटी निगम ने हरियाणा पावर परचेज सेंटर (एचपीपीसी) के साथ 2028-29 तक 800 मेगावाट बिजली आपूर्ति के लिए 25 साल का बिजली खरीद समझौता (पीपीए) किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह समझौता दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) और एचपीपीसी के बीच साझेदारी के लिहाज से महत्वपूर्ण है। दोनों इकाइयों के बीच पहले से पीपीए है। इसके तहत निगम अपने बिजलीघरों से हरियाणा को 300 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करता है। इस समझौते को बिजली मंत्रालय ने मंजूरी दी थी। इससे डीवीसी अपनी तीन आगामी तापीय इकाइयों से हरियाणा को 800 मेगावाट बिजली की आपूर्ति कर सकेगी।

### न्यूज अपडेट

## सोना 910 रुपये चढ़कर 83,750 रुपये के उच्चतम स्तर पर, चांदी 1,000 रुपये उछली

**नयी दिल्ली :** आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की भारी लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 910 रुपये चढ़कर 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 82,840 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

## उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपये की 14,000 परियोजनाओं पर काम शुरू: उद्योग मंत्री नंदी

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि प्रदेश निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। कंपनियों ने फरवरी, 2023 में राज्य निवेशक शिखर सम्मेलन के दौरान जो प्रतिबद्धता जतायी थी, उसमें से दो साल से भी कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की 14,000 परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि इसमें से 2.6 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का वाणिज्यिक परिचालन शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि फरवरी, 2023 में आयोजित उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में 40 से अधिक देशों ने भाग लिया था। इस दौरान विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में 19,000 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

## महत्वपूर्ण खनिजों के लिए 16,300 करोड़ रुपये के मिशन को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश के भीतर और अपतटीय स्थानों पर महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को बढ़ावा देने के लिए 16,300 करोड़ रुपये के 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' (एनसीएमएम) को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि एनसीएमएम का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर देश की निर्भरता को कम करना और इस मामले में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के तहत महत्वपूर्ण खनिजों के अन्वेषण, खनन, प्रसंस्करण और उत्पादन बंद हो चुके उत्पादों से इन खनिजों की वसूली जैसे मूल्य शृंखला से जुड़े सभी चरण शामिल होंगे। सरकार को उम्मीद है कि यह मिशन देश के भीतर और इसके अपतटीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को तेज करेगा। इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों की खनन परियोजनाओं के लिए नियामकीय मंजूरी की प्रक्रिया को त्वरित बनाना है। इसके अलावा मिशन महत्वपूर्ण खनिजों के अन्वेषण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन देगा और इन संसाधनों को 'ओवरबर्डन' और 'टेलिंग्स' से दोबारा निकालने की गतिविधि को बढ़ावा देगा। 'ओवरबर्डन' मिट्टी और चट्टान की वह परत होती है जिसे खनिजों तक पहुंचने के लिए हटाया जाता है। वहीं 'टेलिंग्स' वे पदार्थ होते हैं जो खनिजों को निकालने के बाद या बाद में बचे रह जाते हैं। वैष्णव ने कहा कि एनसीएमएम का उद्देश्य भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और निजी क्षेत्र की कंपनियों को विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करने और संसाधन समृद्ध देशों के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह मिशन देश के भीतर महत्वपूर्ण खनिजों के भंडार के विकास का भी प्रस्ताव करता है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4134 अंक 284, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in